Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 137 | मंगलवार, 20 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# OCI Portal को लेकर पीएम मोदी बोले

# नागरिकों के अनुकूल नया ओसीआई पोर्टल डिजिटल शासन को बढ़ावा देने में बड़ा कदम

नई दिल्ली।

पीएम मोदी बोले- नागरिकों के अनुकूल नया ओसीआई पोर्टल, डिजिटल शासन को बढ़ावा देने में बड़ा कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बेहतर कार्यक्षमता वाला ओसीआई पोर्टल नागरिकों के अनुकूल डिजिटल शासन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नए ओसीआई पोर्टल को लॉन्च किया। इसमें ऐसा इंटरफेस है, जिससे भारतीय मूल के लोगों का पंजीकरण करना अब और आसान हो गया है। अमित शाह की पोस्ट साझा को करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, बेहतर फीचर्स और कार्यक्षमता के साथ नया ओसीआई पोर्टल नागरिकों के अनुकूल डिजिटल शासन को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम

**26**

जनवरी 1950 को या उसके बाद भारत के नागरिक हैं या उस दिन भारत के नागरिक बनने के पात्र हैं या उनके वंशज हैं।

है। ओसीआई योजना की शुरूआत 2005 में की गई थी। यह योजना उन सभी भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) को ओसीआई के रूप में पंजीकरण की अनुमति देती है, गृह मंत्री अमित शाह ने अपने पोस्ट में कहा, आज नए ओसीआई पोर्टल का शुभारंभ किया गया, जिसमें आधुनिक यूजर इंटरफेस है, ताकि प्रवासी भारतीयों का पंजीकरण आसान हो सके। इसमें बेहतर कार्यक्षमता, मजबूत सुरक्षा और यूजर-फ्रेंडली अनुभव जैसे नए फीचर्स जोड़े गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति, जिसके माता-पिता, दादा-दादी, या परदादा-परदादी पाकिस्तान, बांग्लादेश या किसी अन्य ऐसे देश के नागरिक रहे हों, जिसे केंद्र सरकार आधिकारिक गजट में अधिसूचना के जरिए निर्दिष्ट करे, ओसीआई कार्डधारक के रूप में पंजीकरण के लिए पात्र नहीं होगा। शाह ने कहा कि भारत लगातार ओसीआई कार्डधारकों को विश्वस्तरीय आव्रजन सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे कि जब वे भारत आएं या यहां ठहरें, तो उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न हो।

उन्होंने कहा कि अपडेटेड यूजर इंटरफेस वाला यह पोर्टल विदेश में रह रहे नागरिकों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए पेश किया गया है।



## बहुत शातिर है जासूस ज्योति

# न खाई, न सोई, सवालों पर साधी रही चुप्पी

नई दिल्ली।



गोपनीय जानकारियां साझा करने के सवाल पर वह कुछ नहीं बोली। वह पाकिस्तान कब-कब गई और वहां किन-किन लोगों से मिली थी। दानिश से उसकी जान पहचान कब और कैसे हुई, और कौन-कौन लोग हैं, जो पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव के संपर्क में हैं। किसी सवाल का नहीं दिया जवाब। जासूसी के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा पुलिस कस्टडी में गुमसुम है। पुलिस उससे शनिवार से ही पूछताछ कर रही है, वहीं रविवार को रिमांड अवधि के पहले दिन नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी (एनआईए) सहित कई अन्य जांच एजेंसियों ने उससे सिविल लाइन थाने में चार-पांच घंटे पूछताछ की, लेकिन अधिकतर सवालों पर चुप्पी साधे रही। अभी ऐसे कोई संकेत उसने नहीं दिए हैं, जिससे पता चल सके कि पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव के साथ कोई गोपनीय दस्तावेज साझा किए हैं ।सिविल लाइन थाना पुलिस ने ज्योति को पांच दिन के रिमांड पर लिया है। सेना की इंटेलिजेंस भी उससे सोमवार को पूछताछ कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि ज्योति चिंता में दिख रही है। पुलिस कस्टडी में वह घुटने पकड़कर बैठी रही। शनिवार रात में सोई नहीं और खाना भी अच्छे से नहीं खाया। रविवार को उससे चार-पांच घंटे अलग-अलग एजेंसियों ने बातचीत की। इसमें एनआईए भी शामिल है। एजेंसियों ने पाकिस्तानी उच्चायोग में पार्टी में शामिल होना, पाकिस्तानी अधिकारी दानिश से संबंधों, उसके खर्चों की फंडिंग आदि के बारे में पूछताछ की, लेकिन इन सवालों पर वह कोई जवाब नहीं दे रही। हालांकि इतना जरूर बोली कि वह केवल अपने चैनल के लिए वीडियो बनाती है। यह उसका शौक है। पाकिस्तान जाने के लिए वीजा जरूरी था तो इसी सिलसिले में उच्चायोग गई। वहां दानिश से मुलाकात हुई।

## प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पांचवीं टीम बनीं लखनऊ



लखनऊ।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 205 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने 18.2 ओवर में चार विकेट गंवाकर 206 रन बनाए और छह विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को छह विकेट से हरा दिया और उन्हें प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया। इस तरह ऋषभ पंत के नेतृत्व वाली टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पांचवीं टीम बन गई। सोमवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 205 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने 18.2 ओवर में चार विकेट गंवाकर 206 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनके लिए अभिषेक शर्मा ने सर्वाधिक 59 रन बनाए। वहीं, लखनऊ के लिए दिग्वेश राठी ने दो विकेट लिए जबकि विलियम ओरुर्के और शार्दुल ठाकुर को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरूआत इस मैच में झटके के साथ हुई थी। अथर्व ताइडे 13 रन बनाकर आउट हो गए।

# गोल्डेन टेम्पल के भीतर भी तैनात थी एयर डिफेंस गन

नई दिल्ली।



भारतीय सेना के वायु रक्षा प्रभारी लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान डी'कुन्हा ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्वर्ण मंदिर के मुख्य ग्रंथी ने पाकिस्तान की ओर से ड्रोन और मिसाइल हमले की आशंका को देखते हुए सेना को मंदिर के भीतर एयर डिफेंस गन तैनात करने की अनुमति दी थी।

दुश्मन के ड्रोनों का बेहतर ढंग से पता लगाने और उनसे निपटने के लिए इतिहास में संभवतः पहली बार स्वर्ण मंदिर की लाइटें बंद कर दी गईं। इससे भारतीय सुरक्षा बलों को दुश्मन के ड्रोनों को अधिक स्पष्ट रूप से पहचानने और उनसे निपटने में मदद मिली। एक विशेष साक्षात्कार में वायु रक्षा महानिदेशक ने कहा कि सौभाग्य से हमने अंदाजा लगा लिया कि वह (पाकिस्तान) क्या करने में सक्षम है। उसके पास सीमा पार कोई वैध लक्ष्य नहीं था। वह आंतरिक रूप से भ्रम और अराजकता पैदा करने में अधिक रुचि रखता था। इसलिए, हमने अनुमान लगाया कि वह हमारी नागरिक आबादी और हमारे पूजा स्थलों को निशाना बनाएगा। यह अच्छा हुआ कि स्वर्ण मंदिर के मुख्य ग्रंथी ने हमें एयर डिफेंस गन तैनात करने की अनुमति दे दी। उन्होंने स्वर्ण मंदिर की लाइटें बंद कर दीं, ताकि हम ड्रोन को आते हुए देख सकें।

पाकिस्तान के एक हजार ड्रोन हमले को विफल किया डी'कुन्हा ने कहा कि पाकिस्तान ने चार दिनों में पश्चिमी सीमा पर लगभग 800 से 1,000 ड्रोन से हमला किया था। लेकिन, सेना, नौसेना और वायु सेना के समन्वित प्रयासों से उसके हमले को विफल कर दिया गया। हथियार ले जाने वाले सभी ड्रोन को सफलतापूर्वक रोक दिया गया, जिससे किसी भी नागरिक को हताहत होने से बचाया जा सका। ड्रोन और मिसाइल हमलों से बचाव के लिए तीनों सेनाओं ने मिलकर काम किया। पूरा पाकिस्तान हमारी सीमा में लेफ्टिनेंट जनरल डी'कुन्हा ने कहा कि भारत के पास पूरे पाकिस्तान में किसी भी लक्ष्य पर हमला करने की क्षमता है।

# 'शॉर्ट सर्किट से इमारत में नहीं लगी आग'

हैदराबाद।

हैदराबाद की एक इमारत में लगी भीषण आग की जांच के लिए तेलंगाना सरकार ने एक साथ पांच विभागों को जांच का निर्देश दिया है। इस घटना में 17 लोगों की मौत हो गई थी। यह इमारत गुलजार हौज में स्थित है।

इस संबंध में तेलंगाना साउथ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (टीजीएसपीडीसीएल) के अधिकारी सैयद मकसूद ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि यह आग एक सिलेंडर में



विस्फोट होने से लगी न कि शार्ट सर्किट से। उन्होंने कहा कि एक शॉर्ट सर्किट से अचानक इतनी बड़ी आग नहीं लग सकती। बिजली के तारों की स्थिति सही है। इमारत के अन्य हिस्से में कोई नुकसान नहीं है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पुलिस ने कहा है कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी।

# बेंगलुरु में बारिश का कहर



बेंगलुरु।

भारत की सिलिकॉन सिटी कहे जाने वाले बेंगलुरू में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात को छह घंटे से ज्यादा वक्त तक मूसलाधार बारिश हुई। भारी बारिश पूरे शहर का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। भारी बारिश के कारण एक आइटी फर्म की दीवार ढहने से 35 वर्षीय महिला शशिकला की मौत हो गई। शहर में भारी बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सड़कों पर पानी भर गया है और कई घरों में भी पानी घुस गया है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। रेस्क्यू टीमें नाव, जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही हैं ।बारिश के कारण उत्पन्न अव्यवस्था को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

# लघु एवं सीमांत किसानों को सस्ती दर पर सरलता से मिले ऋण: सीएम योगी



लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लघु एवं सीमांत किसानों की आय में वृद्धि और आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से ह्यमुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजनाह्न प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को कर्ज के बोझ से मुक्ति दिलाने, उनकी कृषि उत्पादकता बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। ऐसे में किसानों को सस्ती दर पर सरलता से ऋण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाना चाहिए। यह योजना इसी दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध होगी। सोमवार को सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में इस महत्वाकांक्षी योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिसे मुख्यमंत्री ने दूरदर्शी और किसान-हितैषी पहल बताया। उन्होंने प्रस्तावित मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना में नाबार्ड के साथ-साथ सहकारी बैंकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना का क्रियान्वयन प्रभावी और समयबद्ध हो। इसके लिए सहकारी बैंकों की ऋण वितरण क्षमता को बढ़ाने, शाखाओं के आधुनिकीकरण हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने और किसानों तक ऋण की सुगमता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि योजना का विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सहकारिता क्षेत्र की समग्र समीक्षा करते हुए सहकारी संस्थाओं की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से लघु और सीमांत किसानों की आय में वृद्धि, पारदर्शिता और दक्षता को सहकारिता क्षेत्र की प्राथमिकताओं में शामिल करने के निर्देश दिए। अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत विवरण के अनुसार, उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का ऋण वितरण वर्ष 2017 में ?9,190 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2025 में ?23,061 करोड़ तक पहुँच गया है, वहीं शुद्ध लाभ ?100.24 करोड़ हो गया है।

रविवार को एमओयू पर किया गया हस्ताक्षर उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजना चरण-3 के तहत लागू की जाने वाली परियोजनाओं के लिए है।

# भारत ने मालदीव के साथ किए 13 समझौते, पाकिस्तान की उड़ी नींद

माले।

भारत ने मालदीव के साथ 13 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इनमें 10 करोड़ मालदीव रुपये के अनुदान से फेरी सेवाओं को बढ़ाने, समुद्री संपर्क का विस्तार करने और सामुदायिक आजीविका को बढ़ाने वाली परियोजनाएं शामिल हैं। मालदीव सरकार की ओर से विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील और मालदीव में भारत के उच्चायुक्त जी बालासुब्रमण्यम ने समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। मालदीव में भारत के उच्चायोग ने कहा कि भारत, मालदीव के लोगों के लिए समुद्री संपर्क बढ़ाने के लिए सरकार के साथ साझेदारी कर खुश है। विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने कहा कि शुरू की गई परियोजनाएं महज ढांचागत विकास से कहीं अधिक हैं। वे लोगों के लिए जीवनरेखा हैं, जिन्हें स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने और स्थायी सामाजिक-आर्थिक फायदा पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। इन परियोजनाओं के सफल कार्यान्वयन से दोनों देशों के बीच सहयोग और मजबूत होगा। परिवहन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री मोहम्मद अमीन ने देश भर में हाई-स्पीड फेरी नेटवर्क स्थापित करने में तेजी से हो रही प्रगति पर प्रकाश डाला। यह अब नौ एटोल के 81 द्वीपों को जोड़ रहा है। भारत के साथ यह समझौता इन सेवाओं को और विस्तार देगा। इसे पहले 2027 में पूरा करने की योजना थी, लेकिन अब परियोजना के इस साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।



## संपादक की कलम से

# सामरिक चुनौतियों का बजट

भारत के लिए पाकिस्तान ही सामरिक और आतंकवादी समस्या नहीं है। चीन भी समान चुनौती है। बेशक भारत और चीन आपसी संबंधों को बेहतर बनाने में जुटे हैं। लद्दाख वास्तविक नियंत्रण रेखा वाले युद्ध-क्षेत्र से दोनों देशों की सेनाएं पीछे हट चुकी हैं। अमरीकी टैरिफ दबाव के मद्देनजर चीन भारत के साथ व्यापार को बढ़ाने के पक्ष में है, लेकिन चीन चुपचाप पीठ में छुरा घोंपने वाला देश रहा है।



ललित शर्मा
संपादक

पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य संघर्ष में चीन ने उसे वायु रक्षा प्रणाली, मिसाइलें दीं, ड्रोन भी दिए और सैनिक भी पाकिस्तानी फौज के मुखौटे और लिबास में लड़े। पाकिस्तान हमारे लिए शाश्वत चुनौती है। युद्ध के आसार कभी भी बन सकते हैं। हालांकि भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान की सामरिक तैयारियों को ध्वस्त कर दिया है। उसके प्रमुख एयरबेस इतने तबाह कर दिए हैं कि वहां से किसी भी लड़ाकू विमान का उड़ान भरना नामुमकिन है। उन एयरबेस के पुनर्निर्माण के लिए पाकिस्तानी हुकूमत ने निविदाएं सार्वजनिक की हैं। बेशक वह सामरिक तौर पर तैयार रहना चाहता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को कर्ज की किस्त जारी करने से पहले 11 शर्तें तय की हैं, लेकिन उनमें एक भी ऐसी नहीं है, जो युद्ध और आतंकवाद को रोकने वाली हो। बेशक आईएमएफ ने विकास पर किए जाने वाले बजटीय खर्च को लेकर सवाल जरूर किए हैं। बहरहाल समस्या भारतीय सेनाओं के यथाशीघ्र आधुनिकीकरण की है, जिसके लिए रक्षा बजट में 26 फीसदी अतिरिक्त पूंजी के आवंटन की घोषणा की गई है। यह 50,000 करोड़ रुपए की वित्तीय मदद पर्याप्त नहीं है। बेशक भारत का रक्षा बजट 7.30 लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो गया है, लेकिन अब भी वह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का मात्र 1.9 फीसदी ही है। जो भारत की जरूरतें हैं और सामरिक चुनौतियां हैं, उनके मद्देनजर रक्षा बजट जीडीपी का कमोबेश 2.5 फीसदी के बराबर या उससे अधिक होना चाहिए। सामरिक तैयारियां 20-25 साला परियोजना नहीं हो सकती। बजट में जो बढ़ोतरी की गई है, उसका अधिकतम हिस्सा महंगे, विदेशी हथियार और उपकरण खरीदने पर ही खर्च हो सकता है, लेकिन भारत को स्वदेशी रक्षा-उत्पादन तुरंत बढ़ाना चाहिए। उसके मद्देनजर रक्षा-क्षेत्र की निजी कंपनियों को आक्रामक समर्थन और सहयोग देकर रक्षा-खरीद को विस्तार देना बेहद जरूरी है। तुलना पाकिस्तान से नहीं, चीन की रक्षा तैयारियों के साथ करनी चाहिए। हमारी वायुसेना के पास बेहद आक्रामक और सटीक निशाने वाले लड़ाकू विमान हैं, लेकिन उनके दस्तों की संख्या 31 है, जबकि स्वीकृत संख्या 42 है। मौजूदा भारत-पाक संघर्ष में निर्णायक भूमिका हवाई हमलों ने ही निभाई। हालांकि एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सेनाएं परंपरागत लड़ाई लड़ती रहीं, लेकिन पाकिस्तान की तबाही हमारे लड़ाकू विमानों और सटीक मिसाइलों ने ही तय की। ब्रह्मोस मिसाइल ने तो रिकॉर्ड कायम किए, लिहाजा आज करीब 20 देश हमसे ब्रह्मोस मिसाइल खरीदना चाहते हैं। एस-400, स्वदेशी प्लेटफॉर्म, विमान-रोधी समर और आकाश मिसाइल सिस्टम आदि का प्रदर्शन कमाल का रहा। दुश्मन के ड्रोन और मिसाइलें आकाश में ही टुकड़ा-टुकड़ा करने में हम सफल रहे। ये हमारे रक्षा शोध और विकास के सफलतम परिणाम साबित हुए, लेकिन सरकार का निवेश और अनुबंध अभी और भी बढ़ाए जाने चाहिए। लड़ाकू विमान राफेल, सुखोई, मिग, मिराज आदि तक ही सीमित नहीं रहने चाहिए। हमें अपने ह्यअवाक्स सिस्टमह्ण को अधिक अपग्रेड करने की जरूरत है। पाकिस्तान के पास चीन के विकसित लड़ाकू विमान भी हैं।

# भारत का पक्ष रखने की सराहनीय पहल एवं बेतुका विवाद



ललित गर्ग



पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना एवं उसके बाद भारत के सिंदूर ऑपरेशन में पाकिस्तान को करारी मात देने की घटना से निश्चित ही भारत की ताकत को दुनिया ने देखा। लेकिन इसके बाद पाक दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है, यह फैसला जितना सराहनीय है, उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है इसका राजनीतिक विवादों में घिर जाना। यह राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बनना चाहिए। देश की सुरक्षा, सैन्य उपक्रम, राष्ट्रीय एकता-अखण्डता एवं विदेश नीति से जुड़े विषय पर राजनीति होना, देश के हित में नहीं है।

पहलगाम हमले के बाद यह अफसोस की बात है कि पाकिस्तान का बचाव करने या उसके साथ मुखरता से खड़े होने वाले देशों या विश्व संगठनों के साथ-साथ भारतीय राजनीतिक दलों में विवाद का बढ़ना चिन्ताजनक है।। भारत के राजनीतिक दल प्रारंभ में एकजुट दिखें लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब उनमें कहीं-कहीं वैचारिक मतभेद उभर रहे हैं। पाकिस्तान दोषी होने के बावजूद पीड़ित होने का स्वांग रचकर सहानुभूति जुटाता रहा है। दुनिया के अनेक देश उसके झांसे में आ भी जाते हैं। ऐसे में, दुनिया के महत्वपूर्ण देशों में भारत का पक्ष रखने का मोदी सरकार का यह प्रयास बहुत जरूरी एवं दूरगामी सोच से जुड़स है। इस प्रयास को एक बड़े अभियान के रूप में लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता और ऑपरेशन सिंदूर का संदेश दुनिया तक पहुंचना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी दलों ने सरकार और सेना के प्रति समर्थन जताया था। सरकार ने भी उसी भावना का सम्मान करते हुए सभी दलों के सांसदों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। कांग्रेस ने थरूर का नाम नहीं भेजा था, सरकार ने उन्हें अपनी तरफ से शामिल कर लिया। जिनके नाम कांग्रेस ने दिए थे, उनमें से सिर्फ आनंद शर्मा चुने गए।

शशि थरुर विदेश नीति के जानकार है। थरूर पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमण्डल को मिलेगा, दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हालांकि कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था, इस अपेक्षा को गलत भी नहीं कहा जा सकता। मगर वर्तमान संवेदनशील हालातों में इसे विवाद का मुद्दा बनाने से बचा जा सकता था। लेकिन कांग्रेस के सदस्यों, खासकर सांसद शशि थरूर को लेकर हो रहा विवाद बिल्कुल अनचाहा एवं अनुचित है। इससे एक अच्छा एवं प्रासंगिक मकसद नकारात्मक खबरों में घिर गया है। भले ही शशि थरूर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ समय से ठीक नहीं रहे हैं। लेकिन यह एक सांसद और उसकी पार्टी के बीच का मसला है। यहां जो मुद्दा सामने है, वह देश से जुड़ा है। इसमें सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए। युद्ध एवं आतंक जैसे हालातों में भारत ने अपना पक्ष रखने के लिए पहले भी समय-समय पर विपक्ष के शीर्ष नेताओं को आगे किया है और उसी परिपाटी को मोदी सरकार ने आगे बढ़ाकर देश की राजनीति व राजनय को मजबूती दी है। सात सदस्यीय बैजयंत जय पांडा, रविशंकर प्रसाद, शशि थरूर, संजय झा, श्रीकांत शिंदे, कनिमोझी करुणानिधि और सुप्रिया सुले के नेतृत्व में हमारे देश के नेता 32 देशों का दौरा करेंगे। यह विपक्ष के नेताओं के लिए भी स्वर्णिम अवसर है कि वह अपनी काबिलियत एवं देशहित को देश के सामने साबित करें। क्योंकि राष्ट्र एवं राष्ट्रीय एकता सबसे ऊपर है। बांटने वाली राजनीति से अलग जब हम देशहित के पक्ष में खड़े होंगे, तभी आतंकवाद से लड़ने में सहूलियत एवं सफलता मिलेगी। क्या दुनिया ने भारत के सीमित सैन्य अभियान के महत्व, संयम और समझदारी को ठीक से समझा है? क्या भारत आतंकवाद के खिलाफ संपूर्ण युद्ध नहीं छेड़ सकता था? अगर भारत ने युद्ध को नहीं बढ़ाया, तो इसका अर्थ कतई यह नहीं कि भारत का पक्ष कमजोर है। भारत चाहता तो पाक को हर मोर्चे पर नेस्तनाबूद कर सकता है, लेकिन भारत का लक्ष्य आतंकवाद को समाप्त करना है। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में बसे 9 आतंकी ठिकानों को रात के अंधेरे में तबाह कर दिया। इसके बाद भारत ने ठान लिया कि पूरी दुनिया के सामने आतंकवाद परस्त पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब करना है, जिसकी जिम्मेदारी अनुभवी एवं विशेषज्ञ सात सांसदों को सौंप कर सरकार ने सूझबूझ एवं परिपक्व नेतृत्व का परिचय दिया है। सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर के देशों में जाकर आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखेंगे। हर एक प्रतिनिधिमंडल में 6-7 सांसद और कई राजनयिक शामिल होंगे। भारत की शांति, अहिंसा, विकास एवं विश्व बंधुत्व का संदेश सात प्रतिनिधिमंडलों के जरिये दुनिया तक पहुंचना इसलिए भी जरूरी है कि भारत को तेज विकास करना है और अब वह पहलगाम जैसे किसी आतंकी हमले को बर्दाश्त नहीं कर सकता। गौर करने की बात है कि सात प्रतिनिधिमंडलों में 59 सदस्य शामिल किए गए हैं, जिनमें सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 31 नेता और अन्य दलों के 20 नेता शामिल हैं। इस तरह सर्वदलीय सांसदों की टीमों को अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मिशन पर भेजने से भारत का पक्ष मजबूत होगा, दुनिया में आतंक के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण बनेगा। ये दौरे न सिर्फ आतंकवाद पर भारत की नीतियों को साफ करेंगे, बल्कि पाक की हरकतों को भी दुनिया के सामने बेनकाब करेंगे। सात प्रतिनिधिमंडल में जिन नेताओं को नेतृत्व दिया गया है, उसमें भी अन्य दलों को प्राथमिकता देकर एक संतुलन एवं सूझबूझ का परिचय दिया गया है। आइडिया ऑफ इंडिया के साथ सुगठित इस टीम इंडिया के कंधे पर बड़ी एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। दुनिया के निर्णायक नेताओं से मिलकर यह बताना जरूरी है कि आइडिया ऑफ पाकिस्तान और आइडिया ऑफ इंडिया के बीच कितनी चौड़ी खाई है, यह खाई संबंधित देशों ही नहीं, दुनिया को प्रभावित करने वाली है। दूसरे शब्दों में कहें, तो पाकिस्तान आतंकवादी मानसिकता से ग्रस्त है एवं आतंक को पोषित एवं पल्लवित करने वाला देश है। उसके आतंकवाद ने भारत ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों को भारी नुकसान पहुंचाया है। एक देश, जो आतंक की बुनियाद पर खड़ा है, न उसे शर्म है, न पछतावा। वहां ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों व उनके परिजन को जैसा राजकीय सम्मान दिया गया है, जैसे पाक फौज आतंकी सरगनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी देखी गई है, उस तरफ से मुंह मोड़कर अगर दुनिया खड़ी होगी, तो यकीन मानिए, फिर इंसानियत का खून होगा और आतंकवाद को बल मिलेगा।

ऑपरेशन सिन्दूर भारत की बदलती रणनीति का हिस्सा बना है। भारत अब पहले की तरह केवल कूटनीतिक जवाब तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह सैन्य कार्रवाई के जरिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश भी देना जानता है। पाक सेना आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है, लेकिन उसकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाक के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है। जब तक पाक सेना अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करती तब तक इस तरह के आतंकी तनाव बार-बार सामने आएंगे। पाक भविष्य में फिर से भारत के खिलाफ आतंकी हमले कर सकता है क्योंकि यह उसकी रणनीति का हिस्सा है। पाक सेना की आतंकवाद समर्थक नीतियां और भारत की आक्रामक जवाबी रणनीति इस क्षेत्र में स्थायी शांति की राह में बड़ी बाधाएं हैं। स्पष्ट होता है कि यह संघर्ष केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं है बल्कि इसमें पूरी दुनिया से जुड़े गहरे ऐतिहासिक, वैचारिक और रणनीतिक आयाम हैं। इसलिये दुनिया के बड़े राष्ट्र पाक की आतंकी सोच से परिचित हो, इसी सोच से दुनिया को परिचित कराना सात सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल का मिशन है।

## संजीव ठाकुर

## संजीव-नी।

### कविता



किसी के चाहने न चाहने
से क्या फर्क पड़ता है।

शायद यह गलतफहमी है
कि किसी के पसंद न करने से
आदमी, आदमी न रहकर
छोटा जीव जंतु या चौपाया
हो जाएगा ।

आपकी पसंदगी से
आदमी भगवान
हो जाएगा,
या उसकी काया महामानव
में रूपांतरित हो जाएगी।

कुछ जरा सोचिए ?
ईश्वर ने मनुष्य का जन्म दिया है
मानव बन कर संसार में
आए हो तो
अपनी बुद्धि और आत्मा को
शुद्ध और ताजी हवा और
विचारों के झोंकों से
थोड़ा शुद्ध कर लो।

किसी की पसंदगी या
नापसंदगी से माननीय
स्वरूप बदला नहीं करता,

हां नापसंदगी विरोध और
घृणा से मस्तिष्क में
मनोरोग की व्याधि जरूर
पैदा हो सकती है।
व्यक्तित्व स्खलित
भी हो सकता है।

यदि कोई ऐसा सोचता हैं
कि नापसंदगी
से ईश्वर का दिया हुआ
किसी का स्वरूप क्षणभंगुर हो
वाष्पित हो जाएगा।


तो मेरे मित्र थोड़ा मुस्कुराओ
और कर्म किए जाओ,
फल और परिणाम की
लालसा किये बिना
बाकी अहम तो मिथ्या और
नश्वर ही है ।

कर्म ही समय का वंदन है
और सच्चे मन से किया गया
कार्य ईश्वर की आराधना है।
फिर खुले विचारों से
उठाओ जिंदगी के
हर पल का आनंद।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारत की वॉटर स्ट्राइक से बिलबिलाने लगा पाकिस्तान



भारत और पाकिस्तान के बीच 65 साल पहले हुई इस जल संधि के तहत दोनों देशों के बीच नदियों के जल प्रबंधन को लेकर समझौता हुआ था। नदियों को बांटने का ये समझौता कई युद्धों, मतभेदों और झगड़ों के बावजूद 65 वर्षों से अपने स्थान पर यथावत रहा। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा पोषित और प्रेषित आतंकियों ने निर्दोष नागरिकों का धर्म पूछकर नृशंस हत्या की। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने जहां पाकिस्तान को सैन्य मोर्चे पर तबाह कर दिया वहीं, उससे पहले सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के फैसले से पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसा दिया है। भारत ने सिंधु जल संधि को ऐसे समय में निलंबित किया है जब पाकिस्तान पहले से ही जल संकट का सामना कर रहा है। पाकिस्तान के सिंध और पंजाब प्रांत में छह नई नहरें बनाने की योजना भी विवादों में फंसी है। इतिहास के आलोक में अगर बात की जाए तो सिंधु जल समझौते के अंतर्गत भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु घाटी को 6 नदियों में विभाजित करने को लेकर नौ साल तक वार्ता चली और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री रहे जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति अयूब खान के मध्य 19 सितंबर 1960 में सिंधु जल संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता से कराची में समझौता हुआ।इस संधि के तहत सिंधु बेसिन की तीन पूर्वी नदियों रावी, ब्यास और सतलुज का पानी भारत को आवंटित किया गया। वहीं तीन पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब के जल का 80 फीसदी हिस्सा पाकिस्तान को आवंटित किया गया। समझौते में जिस तरह से जल का बंटवारा किया गया उससे तत्कालीन भारत के प्रधानमंत्री और सरकार की रीति–नीति का समझा जा सकता है। पीएम नेहरू ने देशहित की बजाय पाकिस्तान के हितों का अधिक ध्यान रखा। यह संधि पाकिस्तान में कृषि और हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के लिए बहुत अहम है और पाकिस्तान में 80 प्रतिशत सिंचाई के पानी की आपूर्ति इन्हीं नदियों के पानी से होती है। कई शहरों के लिए पेयजल की आपूर्ति भी इस नदी से की जाती है।भारत और पाकिस्तान के बीच 65 साल पहले हुई इस जल संधि के तहत दोनों देशों के बीच नदियों के जल प्रबंधन को लेकर समझौता हुआ था। नदियों को बांटने का ये समझौता कई युद्धों, मतभेदों और झगड़ों के बावजूद 65 वर्षों से अपने स्थान पर यथावत रहा। लेकिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने जिन कड़े कदमों की घोषणा की उनमें यह सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। भारत द्वारा संधि को निलंबित करना इसकी स्थापना के बाद से पहली बार है, जो सीमा पार आतंकवाद से जुड़ी जल कूटनीति में बदलाव का संकेत है। यह भारत के दृष्टिकोण में बदलाव को दशार्ता है। 2016 में उरी में भारतीय सेना के एक शिविर पर हमले के बाद डेढ़ सप्ताह बाद हुई एक समीक्षा बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, "खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते हैं।" प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान का इशारा सिंधु जल समझौते की ही ओर था। 2019 में पुलवामा में सुरक्षाबलों पर हमले के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बयान देते हुए कहा था, ₹सरकार ने पाकिस्तान को पानी के वितरण को रोकने का फैसला किया है।₹ अगस्त 2019 में भारत के तत्कालीन जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा था, ₹सिंधु जल संधि का उल्लंघन किए बिना पाकिस्तान को जाने वाले पानी को रोकने के लिए काम शुरू हो गया है।₹ भारतीय सेना से करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान अब पानी को लेकर भारत के सामने गिड़गिड़ाने लगा है। पाकिस्तान की सरकार ने 14 मई को भारत के जल शक्ति मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर सिंधु जल समझौते को स्थगित करने को लेकर दोबारा विचार करने की अपील की है। वहीं, एक महत्वपूर्ण बात और भी है कि पाकिस्तान की ये अपील तब की गई जब भारत चिनाब नदी पर बगलिहार और सलाल जलविद्युत परियोजनाओं में फ्लशिंग और डिसिल्टिंग का काम शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सय्यद अली मुर्तजा ने भारत को लिखी चिट्ठी में कहा, ₹सिंधु जल समझौता स्थगित होने की वजह से पाकिस्तान में खरीफ की फसल के लिए पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।₹ पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने 13 मई को कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को फिर से शुरू नहीं करता है और हमारी तरफ आने वाले पानी को मोड़ने की कोशिश करता है तो दोनों देशों के बीच लागू हुआ संघर्ष विराम खतरे में पड़ सकता है। सिंधु जल संधि पर चर्चा के लिए पाकिस्तान की ये पेशकश उसकी छटपटाहट को साफ दिखा रही है। यह पहली बार नहीं था जब भारत सरकार ने 1960 में दोनों देशों के बीच हुई इस संधि में बदलाव की मांग की थी। दो साल पहले भारत ने पाकिस्तान को इस संबंध में नोटिस भेजा था लेकिन इस नोटिस में सिर्फ 'बदलावों' के बारे में बात की गई थी। हालांकि अगस्त 2024 में भेजे नोटिस में भारत ने बदलावों के साथ-साथ समझौते की 'समीक्षा' करने की भी बात की थी। इसमें 'सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों' का भी उल्लेख किया गया था। इसमें भी भारत की ओर से कहा गया था कि 'सीमा पार से आतंकवाद' इस समझौते के सुचारू रूप से संचालन में बाधा है। लेकिन पाकिस्तान ने इस पर कोई उत्तर नहीं दिया, अब जबकि भारत ने समझौते को स्थगित कर दिया है तो पाकिस्तान घुटनों पर आ गया है। 15 मई को एक कार्यक्रम में संवाददाताओं ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से जब सिंधु जल समझौते को लेकर प्रश्न किया, तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि यह समझौता अभी निरस्त ही रहेगा। भारत सरकार इस पर पुनर्विचार करने के लिए तैयार नहीं है और इस मामले में पाकिस्तान के साथ बातचीत नहीं होगी। विदेश मंत्री के ताजा बयान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र के नाम संबोधन में स्पष्ट कर चुके हैं कि खून और पानी साथ नहीं बह सकते हैं।

# हिंदुस्तानी भाषा काव्य प्रतिभा सम्मान से रुड़की के दो साहित्यकार विभूषित

वेलकम इंडिया



**रुड़की।** हिंदुस्तानी भाषा अकादमी द्वारा तृतीय हिंदुस्तानी भाषा काव्य प्रतिभा सम्मान दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी दिल्ली में में संपन्न हुआ। जिसमे रुड़की से वरिष्ठ गीतकार सुरेंद्र कुमार सैनी व वरिष्ठ गजलकार कृष्ण सुकुमार को अकादमी सम्मान से नवाजा गया। तृतीय हिंदुस्तानी भाषा काव्य प्रतिभा सम्मान योजना के अंतर्गत देशभर से चयनित 51 दोहाकारों के दोहों का एक साझा संग्रह 'नावक के तीर' का लोकार्पण भी इस अवसर पर किया गया। इस साझा दोहा संग्रह में शामिल 51 दोहा कारों में रुड़की के साहित्यकार सुरेंद्र कुमार सैनी एवं कृष्ण सुकुमार के दोहों को भी चयनित किया गया तथा उन्हें सम्मानित किया गया। इस साझा दोहा संग्रह का संपादन हिंदुस्तानी भाषा अकादमी के अध्यक्ष सुधाकर पाठक ने किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर लक्ष्मी शंकर बाजपेई ने की। मंच पर विशिष्ट अतिथि साहित्यकार देवेंद्र मॉझी उपस्थित रहे। इस आयोजन का संचालन हिंदुस्तानी अकादमी की इस योजना के समन्वयक मंडल के वरिष्ठ सदस्य विनोद पाराशर ने किया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद दिल्ली के विभिन्न स्कूलों से आए छात्रों, शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं हिंदी भाषा के सम्मान में गीत एवं नृत्य पेश करके आयोजन को बहुत ही सरस और रोचक बनाया। अपने उद्बोधन में हिंदुस्तानी भाषा अकादमी के अध्यक्ष सुधाकर पाठक ने बताया कि यह संस्था हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं के प्रचार एवं प्रसार के लिए समर्पित है। इससे पहले वह गीतों एवं गजलों के साझा संग्रह निकाल चुके हैं तथा यह तृतीय हिंदुस्तानी भाषा काव्य प्रतिभा सम्मान हिंदी साहित्य की दोहा विधा पर दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत देशभर के दोहाकारों से उनके द्वारा रचित 15-15 दोहे आमंत्रित किए थे। जिनमे 237 प्रविष्टियां प्राप्त हुई जिनमे से 51 चयनित की गई। डॉक्टर लक्ष्मी शंकर वाजपेई ने बताया कि उनके पास किसी भी दोहाकार का नाम या पता नहीं भेजा गया था केवल क्रमांक एवं दोहे भेजे गए थे, ताकि पूर्ण पारदर्शिता और दोहों के चयन का स्तर बना रहे। उन्होंने बताया कि 237 से अधिक रचनाकारों के लगभग 4000 से अधिक दोहों को पढ़ना उनके लिए एक सुखद अनुभव रहा। अच्छे, श्रेष्ठ एवं सार्थक दोहे रचने वालों की संख्या इतनी अधिक रही कि निर्णय समिति का कार्य अत्यंत चुनौती पूर्ण रहा। इतनी कठोर चयन प्रक्रिया से गुजरने के बाद रुड़की के दो साहित्यकारों का चयन इस दोहा संग्रह में होना रुड़की के लिए प्रसन्नता की बात है। देवेंद्र मॉझी ने इस पुस्तक की भूमिका में जिन 9 सर्वश्रेष्ठ दोहों का उल्लेख किया है उनमें से एक दोहा रुड़की के साहित्यकार सुरेंद्र कुमार सैनी का भी है जो इस प्रकार है:- रेपिस्टों का गर सखे! सत्ता करे बचाव।

# हुनर से व्यक्ति को मिलती है नई पहचान : बोहरा

वेलकम इंडिया



**बाड़मेर।** जहां विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारम्भ हो गए है, वहीं अवकाश के समय का सदुपयाग करने को लेकर सोमवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांसियों का तला में स्टेट अवार्डी शिक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन तथा भारती एयरटेल फाउण्डेशन के प्रतिनिधि ओमप्रकाश सरगरा की उपस्थिति में शिक्षा विभाग एवं भारती एयरटेल फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय क्वालिटी सपोर्ट प्रोग्राम के तहत समर केम्प स्किल फैस्ट का शुभारम्भ हुआ।

भारती एयरटेल फाउण्डेशन के प्रतिनिधि ओमप्रकाश सरगरा ने बताया कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांसियों का तला एवं भारती एयरटेल फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 19 से 23 मई तक पांच दिवसीय क्वालिटी सपोर्ट प्रोग्राम के तहत समर स्किल फेस्ट का शुभारम्भ सोमवार को स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में हुआ। पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन स्किल फेस्ट में बच्चों को स्थानीय परिवेश के विभिन्न हुनर व स्किल से अवगत करवाया जायेगा। साथ ही बच्चों को जीवन निर्माण व अच्छी आदतों पर कार्य करवाया जायेगा। प्रथम दिवस बच्चों को मिट्टी से खिलौने, बर्तन आदि बनाना सिखाया गया। स्टेट अवार्डी शिक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि यह शिविर ग्रीष्मकालीन अवकाश के सदुपयोग को लेकर बहुत महत्वपूर्ण है। हमें शिविर में सिखाये जाने वाले विभिन्न हुनर व स्किल को मनोयोग से सीखना है। हुनर से ही व्यक्ति को नई पहचान मिलती है। अमन ने कहा कि साथ ही हमें हमारे जीवन में अच्छी आदतों को शामिल करना है और बुरी आदतों को दूर करना है।

## आरटीसी बैरिक में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित आरटीसी बैरिक में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया तथा कार्य को शीघ्र अति शीघ्र गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## बुगरासी पुलिस ने चोरी हुई भैंसों को पकडा

**बुगरासी।।** चौकी बुगरासी क्षेत्र के गांव बरहाना निवासी धर्मु प्रजापति की चोरो ने दो भैस चोरी कर ले गये।पीडित ने 112 पुलिस को सूचना भी दे दी। जानकारी के अनुसार बरहाना निवासी धर्मु प्रजापति ने बताया कि मै रात को करीब एक बजे पेशाब को उठा था तो मैने देखा कि मेरी दोनों भैसें अपने खूंटा पर नही हैं।हमने फौरन भैंसों को ढूंढना शुरू कर दिया। लेकिन सुबह तक कहीं भी पता नहीं लगा।।दिन निकलते ही पीड़ित चौकी बुगरासी गया तो पता चला कि रात में जब चोर भैंसों को ले जा रहे थे तो तभी चौकी प्रभारी बुगरासी सोबरन सिंह गस्त करते आ गये और चोर भैंसों को छोडकर भाग गये। बाद में चौकी प्रभारी बुगरासी सोबरन सिंह ने भैंसों को सडक किनारे बसे जयवीर शर्मा के घेर में बधवा दिया। सोमवार को चौकी प्रभारी ने बरहाना जाकर भैंस मालिक को दे दिया।

## जनता दरबार में जिलाधिकारी के आने के इंतजार में झपकी लेते नजर आए अधिकारी

वेलकम इंडिया

बागेश्वर,जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे सोमवार को आयोजित होने वाला जनता दरबार में जिले के दुरुस्त क्षेत्रों से फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान के लिएआते हैं। इस बार जनता दरबार मे जिलाधिकारी के पहुंचने का इंतजार में कुछ अधिकारी अपनी कुर्सियों में बैठे बैठे बोर होते नजर आए।वही जनता दरवार में पहुंचे अधिकारी डीएम के पहुंचने के इंतजार में अपनी कुर्सी मेंळ झपकी लेते नजर आए। जनता की समस्याओं को सुनने और समाधान देने आए कुछ अधिकारी मंच पर लगी कुर्सियों में नींद की झपकियां पाए गए। सोमवार सुबह से ही लाइन में लगे ग्रामीण, बुजुर्ग, महिलाएं और युवा वर्ग के फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुँचे थे कि शायद इस बार उनकी पीड़ा सुनी जाएगी। लेकिन जब कुछ अधिकारियों को कुर्सियों पर झपकी लेते देखा गया, तो लोगों को भी यह नजारा देख अचंभा होने लगा। जनता दरबार में कुछ अधिकारियों का अपनी सीट पर नींद की झपकियां लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें साफ दिख रहा है कि मंच पर बैठे दो अधिकारी आँखें बंद कर झपकी लेते नजर आ रहे हैं, जबकि एक महिला अपनी पीड़ा सुना रही थी। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने कहा कि यह प्रशासनिक संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। अब सवाल उठता है जब ज़िम्मेदार अफसर जनता के सामने ही अपने कर्तव्य से मुँह मोड़ रहे हैं।

# काण्डे से तल्ला डोबा मोटर मार्ग का निर्माण करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** दफौट क्षेत्र के ग्राम सभा स्यालडोबा के अन्तर्गत तल्लाडोबा तोक में गांव के 50 परिवारों को सड़क सुविधा का लाभ नही मिलने से ग्रामीणों में रोष है।ग्रामीण सैन्य अधिकारी कैप्टन रमेश तिवारी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुँचे।ग्रामीणों ने कहा कि कई बार सड़क निर्माण की मांग कर चुके है।सरकार गांव गांव तक सड़कपहुंचाने के दावे कर रही है।परंतु गांव को अब तक सड़क सुविधा का लाभ नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और कार्यदाई संस्था लोनिवि को पूर्व में भी कई बार ज्ञापन देने के बाद भी अब तक गांव के वाशिन्दों को सड़क सुविधा का लाभ नही मिल पाने पर नाराजगी जताई।ग्रामीणों ने अब तक सड़क निर्माण के लिए विभाग द्वारा पूर्व में सर्वे होने के बाद भी विभाग द्वारा सड़क निर्माण नही कराया जा सका है। बागेश्वर दफौट मोटर मार्ग से तल्ला डोबा तोक की दूरी दो किमी० है।ग्रामीण सड़क के अभाव में पलायन को मजबूर हैं। मोटर मार्ग की सुविधा न होने के कारण बीमार एवं प्रसूता महिलाओं को सड़क मार्ग तक ले जाने के लिए डोली के सहारे मोटर मार्ग तक ले जाने को मजबूर है। गांव में केवल बृद्धजन एवं महिलाए ही रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि तत्कालीन विधायकऔर कैबिनेट मंत्री स्व.चन्दन राम दास के अथक प्रयासों द्वारा काण्डे पंचायत घर से तल्ला डोबा तक कुल 2.5 किमी० सडक निर्माण के लिए सरकार से स्वीकृति मिली थी। जिसके बाद लोनिवि द्वारा सर्वे किया गया। जिस पर कुछ ग्रामीणों द्वारा आपत्ति जताई गयी थी।आपत्ति निस्तारण को लेकर संयुक्त रूप से सड़क का सर्वे हुआ, जिसके बाद ग्रामीणों को जल्द सड़क निर्माण होने की आस थी, पर कुछ ग्रामीण अपने अनुसार सड़क निर्माण को प्रभावित करने के लिए आपत्ति लगा दे रहे हैं। आपत्तिकर्ता के खेत को छोड़कर सड़क निर्माण का सर्वे भी बदल दिया गया। भूगर्भ विभाग द्वारा भी सर्वे कर अपनी आख्या लोक निर्माण विभाग को सौप दी गई है।

## नवनियुक्त आशाओं को पढ़ाया क्षय रोग के उन्मूलन का पाठ

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार

हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के कुशल निर्देशन में और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में जनपद को क्षय रोग मुक्त करने के लिए अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं जिसके क्रम में आज राजकीय महिला चिकित्सालय कोठी गेट परिसर सभागार में चल रहे आठ दिवसीय प्रशिक्षण के पांचवें दिन नवनियुक्त आशाओं को जिला पी0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी द्वारा क्षय रोग के विषय में विस्तार से पढ़ाया गया सुशील चौधरी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी हो खांसी में बलगम आना बलगम मैं खून आना छाती में दर्द रहना वजन कम होना भूख कम लगना। हल्का बुखार रहना या शरीर में किसी भी प्रकार की गांठों का हो जाना रात में सोते समय कमर में पसीना आना क्षय रोग के लक्षण हो सकते है ऐसे व्यक्ति को तुरंत अपने निकटतम सरकारी अस्पताल में जाकर जांच करानी चाहिए और यदि जांच में बीमारी की पुष्टि होती है तो ऐसे व्यक्ति को चिकित्सक की सलाह अनुसार अपना पूरा इलाज कराना चाहिए भारत सरकार द्वारा क्षय रोग की सभी जांच व उपचार निशुल्क उपलब्ध है साथ ही भारत सरकार प्रत्येक व्यक्ति को उपचार के दौरान प्रतिमाह ?1000 निः क्षय पोषण योजना के अंतर्गत देती है साथ ही ऐसे सभी मरीजों को स्वयं सेवी संस्थाओं या समाजसेवियों द्वारा गोद लेकर पोषाहार दिया जाता है जिसमें प्रोटीन युक्त भोजन प्रदान किया जाता है आठ दिवसीय प्रशिक्षण का समापन 22 में 2025 को सभी नवनियुक्त आशाओं को सर्टिफिकेट देकर किया जाएगा प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक डॉ0 सतीश चंद्र डोभाल स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र सिंह व सहायक प्रशिक्षक विकास सैनी आदि उपस्थित थे।

# बिसवां में शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह में लखीमपुर के पत्रकार सम्मानित

वेलकम इंडिया



लखीमपुर खीरी-उत्तर प्रदेश पत्रकार यूनियन पंजीकरण की जिला इकाई के बैनर तले राज्य सम्मेलन शपथ ग्रहण एव सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि यूपी सरकार के कारागार मंत्री सुरेश राही और कार्यक्रम के आयोजक सिराज अहमद ने सीतापुर जनपद के पत्रकारों के साथ-साथ लखीमपुर खीरी के पत्रकार शाहनवाज गौरी,राजीव मिश्रा, दिलीप कुमार त्रिपाठी,श्याम कुमार तिवारी को माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।बता दे कि बिसवा में कस्बे के स्वर्गीय हरगोविंद वर्मा केन यूनियन हाल में शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री सुरेश राही मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक सिराज अहमद व श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकरण के पदाधिकारी व कस्बे के साथ साथ कई जनपदों के पत्रकार मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पत्रकारों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की पत्रकार देश दुनिया मोहल्ले व गांव की खबरों में सच्चाई उजागर करते हैं अपने परिवार से दूर रहकर कड़े परिश्रम का नाम पत्रकार है आपकी एक-एक खबर समाज को जाग्रत करती है अखबार में जो हम सुबह पढ़ते हैं एक-एक शब्द वह हमारे भीतर आता है और दिन भर चलता है हम उसी को लेकर आगे की योजनाएं बनाते हैं पत्रकारिता चौथा स्तंभ है सरकार हमेशा आपके साथ रही है और हमेशा साथ रहेगी।

# तो ऐसे लगेगा भृष्टाचार और भृष्टाचारियों पर अंकुश?

वेलकम इंडिया



**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** नगर पंचायत औरंगाबाद में भृष्टाचार और भृष्टाचारियों को खुला संरक्षण देते हुए एक काला कारनामा प्रकाश में आया है। जिस लिपिक के खिलाफ छः लाख रुपए से अधिक रकम के गबन, सरकारी निर्माण कार्यों की महत्वपूर्ण पैंतीस फाइलें, कैश बुक, बिलबुक ,चौदह रसीद बुक, मेजरमेंट बुक, चैक रजिस्टर, भुगतान के बिल बाउचरों को निजी हितों और नगर पंचायत को भारी नुकसान पहुंचाये जाने की गरज से गायब कर देने के आरोप में औरंगाबाद थाने में तत्कालीन अधिशासी अधिकारी ने एफआईआर दर्ज कराई थी और वर्तमान में मामला न्यायालय में चलते रहने के बाबजूद तमाम नियम कायदों और कानून को ताक पर रखकर निर्माण कार्यों, तमाम खरीद और महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने कराने की जिम्मेदारी सौंप कर और अधिक भृष्टाचार करने फाइल और रकम को ठिकाने लगाने की खुली छूट दे दी गई है। भले ही योगी सरकार भृष्टाचार और भृष्टाचारियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति बनाने और उसपर कड़ाई से पालन कराने का ढिंढोरा पीटने में लगी हुई हो हकीकत इसके विपरीत ही नजर आ रही है। ऐसा आभास उस समय हुआ जब भृष्टाचार और भृष्टाचारियों पर अंकुश लगाना तो दूर नामजद आरोपी बाबू को ही नगर पंचायत औरंगाबाद में तमाम सहकर्मियों की कार्यकुशलता को दरकिनार करते हुए प्रत्येक महत्वपूर्ण विभाग का सर्वेसर्वा बना दिया गया। नगर पंचायत औरंगाबाद में कुछ वर्षों पूर्व एक घपला,गबन, फाइल चोरी और सरकारी योजनाओं में गड़बड़झाला का प्रकाश में आया। तत्कालीन अधिशासी अधिकारी मुख्तयार सिंह ने आरोपी लिपिक नेमपाल सिंह को कार्यालय पत्रांक 937 दिनांक 28.08.20 द्वारा निलंबित कर औरंगाबाद थाने में दिनांक 1 सितंबर 2020 को धारा 409एवं धारा 427 के अंतर्गत एफ आई आर संख्या 397 दर्ज कराई थी।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार लगाकर सुनी जनसमस्याएं

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर ,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य जिले के आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी परेशानियां जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। इनमें मुख्य रूप से सड़क, पेंशन, स्वास्थ्य,बेनाप भूमि पर अवैध कब्जे और पानी की आपूर्ति से संबंधित कुल 13 शिकायतें दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को जन समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनका उचित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से परेशान करने, जबरन कार्यालयों के चक्कर कटवाने पर किसी फरियादी की शिकायत मिलने पर ऐसे अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी शिकायत की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए और अधिकारियों को अपने कार्य के प्रति स्पष्ट और सकारात्मक रवैया अपनाना होगा। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक कार्य की नियमित रूप से फॉलोअप करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा हमारी पहली प्राथमिकता यह है कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी ढंग से समाधान हो। जनता दरबार इसी दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है, उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें और उन्हें तुरंत राहत प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास करें। जनता दरबार में सिंचाई नहर का मलवा अपने खेत पर डाले जाने, असों-ओखलधार मोटर मार्ग के निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी होने, मेहनरबूंगा में बायपास मोटर मार्ग के कटान का मलवा हटाने, स्याल्डोबा एवं कांडे के ग्रामीणों ने कांडे पंचायत घर से तल्ला डोबा तक सड़क निर्माण कराने सानिउडियार क्षेत्र में किसी अन्य व्यक्ति द्वारा बेनाप भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बनाने की मजियाखेत में पानी की कमी बताते हुए आपूर्ति सुचारू कराने, दिव्यांग पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन के बाद भी पेंशन न मिलने द्यागण-आरे-बालीघाट मोटर मार्ग को चौड़ा करने की मांग की शिकायत दर्ज हुई।



# नवनियुक्त आशाओं को पढ़ाया क्षय रोग के उन्मूलन का पाठ

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के कुशल निर्देशन में और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में जनपद को क्षय रोग मुक्त करने के लिए अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं जिसके क्रम में आज राजकीय महिला चिकित्सालय कोठी गेट परिसर सभागार में चल रहे आठ दिवसीय प्रशिक्षण के पांचवें दिन नवनियुक्त आशाओं को जिला पी0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी द्वारा क्षय रोग के विषय में विस्तार से पढ़ाया गया सुशील चौधरी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी हो खांसी में बलगम आना बलगम मैं खून आना छाती में दर्द रहना वजन कम होना भूख कम लगना। हल्का बुखार रहना या शरीर में किसी भी प्रकार की गांठों का हो जाना रात में सोते समय कमर में पसीना आना क्षय रोग के लक्षण हो सकते है ऐसे व्यक्ति को तुरंत अपने निकटतम सरकारी अस्पताल में जाकर जांच करानी चाहिए और यदि जांच में बीमारी की पुष्टि होती है तो ऐसे व्यक्ति को चिकित्सक की सलाह अनुसार अपना पूरा इलाज कराना चाहिए भारत सरकार द्वारा क्षय रोग की सभी जांच व उपचार निशुल्क उपलब्ध है साथ ही भारत सरकार प्रत्येक व्यक्ति को उपचार के दौरान प्रतिमाह ?1000 निः क्षय पोषण योजना के अंतर्गत देती है साथ ही ऐसे सभी मरीजों को स्वयं सेवी संस्थाओं या समाजसेवियों द्वारा गोद लेकर पोषाहार दिया जाता है जिसमें प्रोटीन युक्त भोजन प्रदान किया जाता है आठ दिवसीय प्रशिक्षण का समापन 22 में 2025 को सभी नवनियुक्त आशाओं को सर्टिफिकेट देकर किया जाएगा प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक डॉ0 सतीश चंद्र डोभाल स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र सिंह व सहायक प्रशिक्षक विकास सैनी आदि उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी करेंगे गोवर्धन रेलवे स्टेशन का लोकार्पण अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मिला नया स्वरूप

मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया




मथुरा/गोवर्धन। ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नगर गोवर्धन को एक नई सौगात मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गोवर्धन रेलवे स्टेशन के पुनर्विकसित स्वरूप का लोकार्पण करेंगे। यह कार्य अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किया गया है, जिसका उद्देश्य देशभर के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक और यात्री-सुविधा युक्त बनाना है।

गोवर्धन रेलवे स्टेशन आगरा मंडल के अंतर्गत आता है और यह धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस स्टेशन के साथ-साथ आगरा मंडल के अन्य प्रमुख स्टेशनों जैसे गोविंदगढ़, महुआ मंडावर, फतेहाबाद, और ईदगाह स्टेशनों को भी अमृत भारत योजना में शामिल किया गया है। योजना का उद्देश्य छोटे और मध्यम दर्जे के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करना है, जिससे यात्री अनुभव बेहतर हो सके। गोवर्धन स्टेशन का पुनर्विकास स्थानीय श्रद्धालुओं और देशभर से आने वाले पर्यटकों के लिए राहतदायक साबित होगा। स्टेशन पर यात्रियों के लिए आधुनिक वेटिंग एरिया, स्वच्छ और सुलभ शौचालय, स्वचालित बोतल क्रशिंग मशीन, नई साइनेज व्यवस्था, और आधुनिक प्लेटफॉर्म जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। साथ ही, स्टेशन पर एक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया गया है, जो स्थानीय संस्कृति और स्थापत्य कला की झलक देता है। गिरिराज पर्वत की परिक्रमा लगाने के लिए प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु गोवर्धन पहुंचते हैं। ऐसे में पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन से उनकी यात्रा पहले से कहीं अधिक सहज और सुविधाजनक होगी। यात्री सुविधाओं में हुए इस परिवर्तन से क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे की एक दूरदर्शी योजना है, जिसके अंतर्गत देशभर के लगभग 1300 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाना प्रस्तावित है।

इस योजना का उद्देश्य सिर्फ संरचनात्मक विकास नहीं, बल्कि यात्रियों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सुविधाएं उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कदम न केवल गोवर्धन के रेलवे यातायात को आधुनिकता से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थानीय धार्मिक महत्व को भी वैश्विक पटल पर स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा। इस पुनर्विकास से गोवर्धन को एक आधुनिक और सुसज्जित स्टेशन मिलने जा रहा है, जो आने वाले वर्षों में क्षेत्रीय विकास का केंद्र बनेगा।

# नगर पंचायत खीरी में बढ़े हुए हाउस टैक्स के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान की हुई शुरूआत



वेलकम इंडिया

खीरी टाउन खीरी की नगर पंचायत द्वारा कस्बे में हाउस टैक्स शुल्क में 10 से 20 गुना अधिक बढ़ोतरी के विरोध में विकास समिति द्वारा आज से शुरू किए गए हस्ताक्षर अभियान सभासदों ने समर्थन देते हुए ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर किए। खीरी विकास समिति के अध्यक्ष आमिर रजा पम्मी ने बताया कि यह अभियान कस्बा खेती के हर वार्ड में लोगों के बीच में जाकर चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हस्ताक्षर अभियान चलाकर एकत्रित हस्ताक्षरों के साथ एक ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेज कर टैक्स बढ़ाने पर रोकने लगाने की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक बढ़ावा टैक्स वापस नहीं किया जाएगा। हस्ताक्षर करने वाले सभासदों में सभासद जहरुल हसन अंसारी, मकसूद अली, सुरेश सिंह, बुखारी टोला सभासद प्रतिनिधि शकील खान, पट्टी रामदास सभासद प्रतिनिधि सईद अंसारी, मोहल्ला तबेला सभासद प्रतिनिधि हफीज अंसारी, मोहल्ला श्यामलाल पूर्वा सभासद प्रतिनिधि कुंदन सिंह, हनिया टोला सभासद प्रतिनिधि जीतू सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के मामले में एक गिरफ्तार



वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**सासनी।** अवगत कराना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक पोस्ट संज्ञान में आया, जिसमे एक युवक राजू पुत्र बनीसिंह द्वारा इंस्टाग्राम पर अशोभनीय व अमर्यादित टिप्पणी कर सामाजिक सौहार्द व लोक शान्ति भंग करने के उद्देश्य से एक टिप्पणी की गई थी। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा अभियुक्त की विधिक कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी सासनी को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में थाना सासनी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सोशल मीडिया पर अशोभनीय व अमर्यादित टिप्पणी कर सामाजिक सौहार्द बिगाडने एवं लोक शान्ति भंग करने का प्रयास करने वाले एक युवक को हिरासत में लेकर थाना सासनी पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने अभियुक्त राजू पुत्र बनीसिंह निवासी ग्राम सठिया थाना सासनी जनपद हाथस के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# मथुरा के सैकडों डॉक्टर्स को तनाव मुक्त रहने के तरीके समझाये

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** सैकड़ो चिकित्सकों ने तनाव मुक्त रहकर चिकित्सा जारी रखने के तरीके समझे। उन्हें गुरु मंत्र दिया गया। तनाव मुक्त रहने के गुरु सीखें।

ब्रह्माकुमारी संस्था के अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर विषय विशेषज्ञ डॉक्टर सचिन परब ने तनाव प्रबंधन के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला और उसके निवारण हेतु दैनिक उपयोगी सूत्र बताए। डॉ सचिन परब अंतर्राष्ट्रीय प्रोग्राम विहाशा के राष्ट्रीय समन्वक है और साथ ही वह ब्रह्माकुमारी संस्था के नशा मुक्त भारत अभियान के राष्ट्रीय संयोजक भी है. वह पिछले बीस से भी अधिक वर्षों से चिकित्सा जगत और कारपोरेट जगत के लिए प्रशिक्षण दे रहे हैं. उन्होंने सरल शब्दों में डॉक्टर से पूछा कि क्या आप टेंशन लेते हैं या टेंशन आती है, सभी डॉ विचारमग्न हो गए, उन्होंने फिर अगला प्रश्न पूछा कि यदि मैं आपको अपना पेन दूं और आप ना लें, तो पेन किसके पास रहेगा? उनके प्रभावशाली उद्बोधन से सभी डॉक्टर अभिभूत हो गये. ब्रह्माकुमारी संस्था की स्थानीय सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी बी के कृष्णा दीदी ने बताया कि तनाव मुक्त रहने के लिए राजयोग का अभ्यास बहुत कारगर है. आई एम ए प्रेसिडेंट डॉ ब्रजेन्द्र तिवारी और डॉ वर्षा तिवारी, सेक्रेटरी डॉ गौरव भारद्वाज, ट्रेजरार - डॉ अंशुल गोयल नें मुख्य वक्ता डॉ सचिन परब और ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी का मोमेंटो और सैपलिंग देकर अभिवादन किया. मंच संचालन डॉक्टर अनु गोयल और धन्यवाद दिया अपन डॉक्टर करुणा नें किया. आयोजन में मुख्य रूप से डॉ वर्मन, डॉ डीपी गोयल डॉ यस बी अग्रवाल, डॉ मधु, डॉ रूपा गोपाल, डॉ चारू डॉ रश्मि, डॉ मुकेश जैन आदि उपस्थित रहे. आयोजन को सफल बनाने में बीके मनोज, मनोहर, बीके पूजा अलका, आलोक प्रमोद वर्मा ने सहयोग किया।

# हॉलिडे होमवर्क और आइडियल स्टूडेंट, सेलिब्रेशन कार्यक्रम में मचाई धूम




वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**सासनी।** के कंपोजिट स्कूल बसई काजी में मातृ दिवस और बीट द हीट पार्टी हॉलिडे होमवर्क और आइडियल स्टूडेंट, सेलिब्रेशन कार्यक्रम रखे गए। जिसका आयोजन कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मातृ दिवस के रूप में 20-25 माताओं को को सम्मानित किया गया तथा बच्चों को हॉलिडे होमवर्क रूप से वितरित किए गए। बच्चों ने अलग-अलग गतिविधियों में हिस्सा लिया तथा मीना कुमारी ने माता को मम्मी का टैग पहनाकर कर उन्हें सम्मानित किया और बच्चों को शरबत और तरबूज की पार्टी दी और उन्हें छुट्टियों से पहले नए जोश से भर दिया ताकि जब भी गर्मी की छुट्टियों के बाद लौट आए तो उनमें नया जोश और जुनून हो। इस कार्यक्रम में मीना कुमारी के अलावा सहायक अध्यापक विक्रम सिंह, पूनम दीक्षित व अन्य अध्यापक अनुदेशक गण मौजूद रहे।

# विधायक ने नवनिर्मित इंटरलॉकिंग सड़क का शिलान्यास किया

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** सिकन्द्राबाद विधानसभा के ग्राम पितोहाबास में को विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने सड़क का उद्घाटन किया। विधायक निधि के अंतर्गत श्री बीटू के मकान से सिरोधन रोड तक लगभग 4.65 लाख रूपए की अनु० लागत से नवनिर्मित इंटरलॉकिंग सड़क का शिलान्यास किया। सड़क का निर्माण कराने के लिए ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया। गांव पितोहाबास में विधायक लक्ष्मीराज सिंह का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। विधायक ने फीता काटकर सड़क का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही हैं। प्रत्येक तबके को विकसित करना ही उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर सुधीर तोमर, ग्राम प्रधान पितवास सुनील यादव, ब्लॉक प्रमुखपति गुलावटी हिमांशु तोमर, विनय तोमर, रिंकू राघव, मुकेश भारती, सुनील, उमेश राणा, हरेंद्र यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष, अमित यादव बीसीसी, अनुज, मोहित आदि मौजूद रहे।

# खीरी नगर पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत पर कार्रवाई की मांग को लेकर एडीएम से मिले सभासद

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी।** खीरी नगर पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार और सभासदों के उत्पीड़न की शिकायतो पर कार्रवाई न किए जाने की शिकायत और जांच करा कर कार्यवाही किए जाने मांग को लेकर खीरी की नगर पंचायत के सभासद और खीरी विकास समिति के अध्यक्ष ने एडीएम से मुलाकात की। इस मामले में खीरी विकास समिति के अध्यक्ष आमिर रजा पम्मी ने एडीएम को अवगत कराया कि सभासदों ने पूर्व में भी दर्जनों बार अधिकारियों से मिलकर खीरी नगर पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परंतु अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई तो दूर की बात कोई जांच समिति भी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करती दिखाई नहीं दी। इस दौरान सभासदों ने नगर पंचायत के विभिन्न भ्रष्टाचारों को एडीएम के सामने रखा। खीरी के सभासदो की बातों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने तत्काल इस मामले में जांच टीम गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच करके उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सभासद जहरुल हसन अंसारी, मकसूद अली, सुरेश सिंह, बुखारी टोला सभासद प्रतिनिधि शकील खान, पट्टी रामदास सभासद प्रतिनिधि सईद अंसारी, मोहल्ला तबेला सभासद प्रतिनिधि हफीज अंसारी, मोहल्ला श्यामलाल पूर्वा सभासद प्रतिनिधि कुंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षु बालक- बालिकाओं को स्टेशनरी प्रदान की गयी

वेलकम इंडिया

**मथुरा/वृंदावन।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन में लगातार चल रहे रासलीला प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रशिक्षु बालक-बालिकाओं को स्टेशनरी प्रदान की गयी। गीता शोध संस्थान वृंदावन के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना की देखरेख में रासलीला प्रशिक्षण का समन्वयन कर रहीं भागवत प्रवक्ता सुश्री मोहिनी कृष्ण दासी ने अपने हाथों से प्रशिक्षु बालक और बालिकाओं को पाठ्य पुस्तिकाओं का वितरण किया। उल्लेखनीय है कि रासलीला सीख रहे बालक व बालिकाओं के लिए ये पाठ्य पुस्तिकाएं गोकुल की पूर्व सभासद प्रवीना तिवारी ने उपलब्ध करायीं थीं। वर्तमान में गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में 50 से अधिक बालक-बालिकाएं अलग अलग ग्रुपों में लीलाएं सीख रहे हैं। प्रो दिनेश खन्ना द्वारा मंचन की स्क्रिप्ट लिखी जाती है जबकि डा उमेश चंद्र शर्मा द्वारा पर्यवेक्षण किया जाता है। गीता शोध संस्थान के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार द्वारा संस्थान के ग्रंथागार व प्रशिक्षण की व्यवस्थाएं देखी जा रही हैं। प्रशिक्षण देने वाले म्यूजिशियन्स में आकाश शर्मा, दीनानाथ, घनश्याम भारद्वाज, मनमोहन कौशिक व सुनील पाठक हैं। रासलीलाओं के प्रशिक्षण में सहयोग और कोआर्डिनेशन भागवत वक्ता सुश्री मोहिनी कृष्ण दासी का रहता है।

# हांसी में निकाली गई तिरंगा यात्रा का लोगों ने भारी स्वागत किया

वेलकम इंडिया



**हांसी मनमोहन शर्मा।** भारतीय सेना के सम्मान हांसी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विधायक विनोद भयाना ने यात्रा का नेतृत्व किया। इस यात्रा में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स, जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। भारत माता के जयकारों के बीच तिरंगा यात्रा स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम घर से प्रारंभ हुई और शहर के मुख्य चौक चौराहों से होती हुई लाल सड़क स्थित शहीद स्मारक पर संपन्न हुई। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, विधायक विनोद भयाना तथा यात्रा में शामिल सैकड़ो लोगों ने स्मारक पर पुष्प चढ़कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने भारतीय सेना की वीरता और अदम्य साहस की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य क्षमता, राष्ट्रीय संप्रभुता और सुरक्षा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस विजय ने देशवासियों का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है और यह हमारे जवानों की अद्वितीय शौर्यगाथा को दशार्ता है। गंगवा ने उपस्थित युवाओं को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा लेते हुए देश सेवा में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारी एकता, अखंडता और संकल्प का सजीव प्रदर्शन है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे देश के विकास में भागीदार बनें और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। विधायक विनोद भयाना ने इस दौरान उपस्थित विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज की यह तिरंगा यात्रा हमारी सेनाओं के रणबाकुरों को समर्पित है। जब पूरा देश सो रहा होता है तब सेना के जवान देश सरहदों पर पहरा देते हैं ताकि किसी भी दुश्मन के पांव हमारी पवित्र जमीन पर ना पड़े। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमारे रणबाकुरों ने अदम्य साहस, वीरता एवं कुशल रणनीति का परिचय देते हुए दुश्मन के गुरुर को तोड़ने का काम किया है।

# बाल शिविर में संस्कारों की उड़ान विधायक प्रदीप चौधरी ने किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** भारत विकास परिषद गौरव शाखा द्वारा ग्रीष्म कालीन बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ सोमवार को हुआ। शिविर का समापन 24 मई को होगा। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप चौधरी ने फीता काट कर तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। अपने संबोधन में उन्होने कहा कि अभिभावकों को शुरू से ही अपने बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार, उच्च शिक्षा और समाज सेवा की प्रेरणा देनी चाहिए। बच्चों पर ही देश और समाज का भविष्य निर्भर है। वंदेमातरम्‌गायन के पश्चात ओम का ध्वनि उच्चारण किया गया। शिविर में शामिल बच्चों को प्रातः नमन, योग, सिखाया गया और प्रेरणादायक कहानियां, मातृ पितृ बंधन, डांस, मेंहदी, रुमाल बनाना, टेडी बियर बनाना सिखाया गया। शिविर में लगभग ढाई सौ बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों को अल्पाहार वितरित कर शिविर को विराम दिया गया। शिविर संचालन में मंजू कंसल सीमा गर्ग रितु अग्रवाल ललिता मित्तल पूनम बंसल पूनम मांगलिक अरुण गुप्ता अनिल कुमार विजय गर्ग विजय गोयल सजल गर्ग विशन आर्य राजेन्द्र अग्रवाल अजय गर्ग अशोक कंसल मंजू कंसल राकेश मित्तल डॉ राहुल भारद्वाज डॉ दीपाली भारद्वाज सुशील गर्ग रेनू गर्ग अनु गर्ग मनोज गुप्ता कामिनी गुप्ता संगीता गर्ग रंजन बंसल सुनील कुमार दिनेश गोयल के डी गुप्ता वर्षा गोयल आदि ने सहयोग किया।

# प्रज्ञान विश्वम पत्रिका साहित्यिक विभूतियों का अनमोल संग्रहालय:डॉ .बलदेव शर्मा

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली-** 19 मई। राजधानी के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के सभागार में वरिष्ठ साहित्यकार रामकिशन शर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केन्द्रित बहुराष्ट्रीय पत्रिका प्रज्ञान विश्वम के विशेष अंक का भव्य लोकार्पण समारोह पूर्वक किया गया।

लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. बलदेव भाई शर्मा रहे। अध्यक्षता एवं संचालन अंतर्राष्ट्रीय ख्यात साहित्यकार प्रज्ञान पुरुष पंडित सुरेश नीरव ने किया ।समारोह में अपने उद्बोधन में डॉ बलदेव भाई शर्मा ने पत्रिका के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पंडित सुरेश नीरव का पत्रिका प्रकाशन का यह प्रयास बहुत अच्छा है और प्रेरणास्पद है। वास्तव में पत्रिका का प्रत्येक अंक एक संग्रहालय है जिसमें अनेक विभूतियां अपनी वैचारिकी और कृतित्व के रूप में संरक्षित हैं। मैं इस महती कार्य के लिए श्री नीरव को हार्दिक बधाई देता हूँ। पंडित सुरेश नीरव ने इस अवसर पर संस्था की गतिविधियों, राष्ट्रीय अधिवेशनों और पत्रिका के निहितार्थ पर विस्तृत प्रकाश डाला। गुरुग्राम हरियाणा के वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षाविद मदन साहनी ने बतौर विशिष्ट अतिथि वर्तमान समय में पत्रकारिता की चुनौतियों और इस दौर में प्रज्ञान विश्वम पत्रिका के प्रकाशन की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं अंतरराष्ट्रीय लेखक,पत्रकार डॉ.शंभू पंवार ने कहा कि नीरव जी के संपादन में प्रज्ञान विश्वम पत्रिका के 21 अंक अभी तक प्रकाशित हुवे है आज 22 वे अंक का लोकार्पण हो रहा है ।पत्रिका के सभी अंक बहुत बहुमूल्य है ।श्री नीरव जी के संयोजन में आयोजित होने वाले हर कार्यक्रम से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। समारोह के विशिष्ट अतिथि इस अवसर पर मंचासीन सभी गणमान्य अतिथियों को शॉल एवं माला पहनाकर संस्था की ओर से प्रतिष्ठित कवि ब्रह्म देव शर्मा ने सारस्वत सम्मान किया। आकाशवाणी के वरिष्ठ अधिकारी रहे समीक्षक कवि अरुण कुमार पासवान ने कहा कि मेरे दिल्ली प्रवास की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि पंडित सुरेश नीरव से मिलना है। उनकी साहित्यिक सक्रियता हम सभी को प्रेरणा देती है। इस अवसर पर कवयित्री मधु मिश्रा ( नोएडा), शांति देवी शर्मा (दिल्ली), हास्य कवि राजेन्द्र विश्वकर्मा (इंदौर) वीणा अग्रवाल (गुरुग्राम) राजेन्द्र सांवरिया (इंदौर), प्रदीप भट्ट (मेरठ),उमंग सरीन, मोहिनी पांडेय, ब्रह्म देव शर्मा ( दिल्ली), डॉ दयावती शर्मा, लक्ष्मी कांत शर्मा ( गाज़ियाबाद), प्रतिष्ठित शायर विनय कुमार, प्रतिष्ठित कवयित्री डॉ प्रवीण कुमार शर्मा (गुरुग्राम), भाषा विद् मालिक राजकुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया जिसमें देश-विदेश के सौ प्रबुद्धजनों ने जुड़कर कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रवासी साहित्यकारों में जर्मनी से पत्रिका संपादक डॉ शिप्रा शिल्पी,अमेरिका से अन्नदा पाटनी, ऑस्ट्रेलिया से प्रगीत कुंअर, कुवैत से संगीता चौबे पंखुड़ी भी आरंभ से अंत तक जुड़े रहे। इस अवसर पर उत्सव पुरुष रामकिशन शर्मा के परिवार के सदस्य मंजू मलिक आशीष शर्मा , निमीषा शर्मा और अस्मी शर्मा भी उपस्थित रहे।

# लखपति दीदी योजना जमीनी स्तर पर होगी साकार

वेलकम इंडिया



**कपकोट,** गणेश उपाध्याय, कपकोट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरसीला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के माध्यम से हरसीला में संकल्प महिला आजीविका स्वास्थ्य सहकारिता के कलेक्शन सेंटर भवन का क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने भूमि पूजन किया। विधायक गड़िया ने भूमि पूजन करते हुए महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार लगातार अनेक रोजगारपरक योजनाओं के माध्यम से क्लस्टर पद्धति से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है ।कहा किसरकार द्वारा लखपति दीदी योजनाचलाई गई है ।भवन निर्मित होने के बाद जमीनी स्तर परमहिलाओं के लिए यह योजना नींव का पत्थर साबित होगी ।और महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगीऔर उनके सपने साकार होंगे। यह सेंटर महिला उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति प्रदान करेगी। कलेक्शन सेंटर के निर्माण से स्थानीय उत्पादों के संग्रहण, मूल्य संवर्धन और विपणन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति संभव हो सकेगी। महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी तो पलायन पर भी रोक लगेगी। रोजी-रोटी के लिए लोगों को बाहरी क्षेत्र में नहीं जाना पड़ेगा। घर की आधी भली कहावत चरितार्थ होगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष भूपेश फर्त्याल, ज्येष्ठ प्रमुख हरीश मेहरा, ग्राम प्रधान हरीश नेगी, खंड विकास अधिकारी ख्याली राम, मोहम्मद आरिफ, प्रेम सिंह कोरंगा, गुड्डू पाठक, दान सिंह गड़िया, उमेश फर्त्याल आदि मौजूद रहे। सौंग-खलीधार मोटर मार्ग में डामरीकरण कार्य शुरू कपकोट। राज्य योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र कपकोट में सौंग-खलीधार हल्का मोटर मार्ग में डामरीकरण कार्य शुरू हो गया है। चार किमी मार्ग पर डामरीकरण व सुधारीकरण के निर्माण कार्य चार करोड़ की धरनराशि से होगा। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत भूपेंद्र सिंह, बलवंत कोरंगा, राजेंद्र कौर, मोहन कोरंगा, भूपेंद्र कोरंगा आदि मौजूद रहे।

# सुभाष गांधी और टुक्किमल बने कांग्रेस के कॉर्डिनेटर




वेलकम इंडिया

बुलंदशहर/कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक जिले में संगठन सृजन अभियान के तहत बुलंदशहर जिले के वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, टुक्कीमल खटीक और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शिवराम बाल्मिकी को कॉर्डिनेटर बनाया है ।कांग्रेस हाईकमान ने सुभाष गांधी को नोएडा महानगर, टुक्कीमल खटीक को मेरठ और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शिवराम बाल्मिकी को गाजियाबाद का कॉर्डिनेटर बनाया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, शहर अध्यक्ष रवि लोधी, वरिष्ठ नेता मनीष चतुवेर्दी, नईम मंसूरी, एनएसयूआई अध्यक्ष सचिन वशिष्ठ, युवा जिलाध्यक्ष इसराइल गहलोत, ज्ञानेंद्र राघव ने कांग्रेस नेतृत्व के फैसले पर हताश व्यक्त किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी ने कहा है कि पार्टी की मंशा के अनुरूप कार्य करेंगे और बूथ स्तर तक संगठन बनाएंगे। एनएसयूआई अध्यक्ष सचिन वशिष्ठ ने कहा है कि बुलंदशहर के नेताओं को सम्मान देकर कांग्रेस ने मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आने वाला दौर कांग्रेस का है।

# ऑपरेशन सिंदूर के लिए बॉलीवुड कलाकारों ने भारतीय सेना व प्रधानमंत्री की सराहना की

वेलकम इंडिया




**सनी कुमार केसरवानी संवाददाता प्रयागराज।** बॉलीवुड फिल्म अभिनेता व निमार्ता संजय कपूर और आशुतोष राणा ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना व प्रधानमंत्री की सराहना की और इसे भारतीयों के लिए गौरव की बात बताया। भोपाल में फिल्म ह्यमेरा घर का मुहूर्त कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम पूरी तरह से देशभक्ति के रंग में रंग गया जब फिल्म के कलाकारों सहित कई अन्य कलाकारों ने भी भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव में भारत के कदम का समर्थन किया। अभिनेता व फिल्म निमार्ता संजय कपूर ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के प्रतिक्रियात्मक कदम का समर्थन किया। सीन ऐसे बदलता भी है, गृह मंत्री रहते हुए अघोषित रुप से सेंसर बोर्ड की भूमिका में रहे और फिल्मों पर बिना नागा बयान देने वाले डॉ नरोत्तम मिश्रा आज यानि सोमवार को भोपाल में शूट होने जा रही फिल्म के मुहुर्त शॉट पर पहुंचे. मिश्रा ने फिल्म की शूटिंग का औपचारिक उदघाटन किया. सरमन प्रोडक्शन फिल्म 'मेरा घर' में अरबाज खान, संजय कपूर और आशुतोष राणा की स्टारकास्ट है. ये सभी सितारे इस मौके पर मौजूद थे. भोपाल में शुरू होने जा रही फिल्म की शूटिंग का मुहुर्त शॉट दिया. सरमन प्रोडक्शन की इस फिल्म मेरा घर में अरबाज खान, संजय कपूर और आशुतोष राणा जैसी स्टारकास्ट है. भोपाल के मिंटो हॉल में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई. पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने इस मौके पर कहा कि ₹मध्य प्रदेश हमेशा से बॉलीवुड निमार्ता निर्देशकों की पसंदीदा डेस्टिनेशन रहा है. मध्य प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता फिल्म निर्देशकों को लुभाती रही है. स्वस्थ मनोरंजन के साथ बनने जा रही ये सामाजिक सरोकारों की फिल्म मेरा घर इसलिए भी खास है कि इसमें हमारे अपने मध्य प्रदेश से नाता रखने वाले आशुतोष राणा मुख्य भूमिका में हैं.₹ मिंटो हॉल में इस फिल्म के उद्घाटन समारोह के मौके पर अरबाज खान संजय कपूर आशुतोष राणा के साथ स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह भी मौजूद थे।

# परिवहन विभाग से सौंख के व्यापारियों ने बस चलाने की मांग की



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** कस्बा सौंख के व्यापारियों ने परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों से मुलाकात करके परिवहन व्यवस्था के अंतर्गत बस सेवा शुरू करने की मांग की। विदित है कि कस्बा सौंख के मुख्य मार्ग को जोड़ने के लिए परिवहन विभाग ने सरकारी कोई परिवहन व्यवस्था के अंतर्गत कोई भी सरकारी बस अभी तक संचालित नहीं की है जिसके कारण मथुरा आवागमन में स्थानीय नागरिकों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। समस्या के निराकरण हेतु परिवहन विभाग के एआरएम एम. एम. शर्मा एवं वरिष्ठ लेखाधिकारी संतोष अग्रवाल को व्यापारियों ने रोडवेज बस मथुरा वाया सौंख मार्ग पर संचालित करने की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों ने मांग पत्र सौंपा इस पर परिवहन विभाग द्वारा उक्त समस्या को निराकरण करने की सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष महेश चंद्र अग्रवाल,मंत्री विशेष अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, सोनू अग्रवाल, भूपेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हैण्डवास और साबुन रखें तथा बच्चों को हाथ धोने की पूर्ण प्रक्रिया बताये-डीएम

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र, केंद्रों पर पीने के पानी की व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन की स्थिति, शौचालय की व्यवस्था, पुष्टाहार वितरण, आंगनबाड़ी केंद्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस मशीनों का विवरण तथा कार्यप्रणाली, अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती किये जाने, बच्चों का वजन/ऊंचाई आदि मापने की मशीन की उपलब्धता सहित अन्य बिंदुओं पर गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भीषण गर्मी के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय परिवर्तन हेतु समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्रातः 8 बजे से पूर्वान्ह 10 बजे तक संचालन किया जाये। जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य ने बताया कि जनपद की समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन करते हुए पंजीकृत लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। एनआरसी में पिछले माह में 19 अति कुपोषित बच्चों को भर्ती कराया गया था और इस माह में 11 बच्चे एनआरसी में भर्ती है। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सैम-मैम श्रेणी के बच्चों का अस्पताल के ओपीडी में हुए इलाज, दिए गए परामर्श तथा दी जाने वाली दवाओं का शत प्रतिशत रजिस्टर में अंकन किया जाए। डीएम ने डीपीओ को निर्देशित किया कि पुष्टाहार वितरण पर मानीटरिंग हेतु पत्र जारी करें जिससे सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा मानीटरिंग की जा सके। स्कूल चलो अभियान की तरह आंगनबाड़ी चलो अभियान के कार्यक्रम कराये जाये जिससे बच्चें आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अधिक संख्या में आये।

# लखनऊ का स्वादिष्ट नाश्ता स्थल उमड़ती भीड़: श्री दुर्गा खस्ता कॉर्नर



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** लाटूश रोड पर स्थित दुर्गा खस्ता कॉर्नर एक प्रसिद्ध नाश्ता स्थल है, जहां सुबह से ही खस्ता और पूड़ी सब्जी खाने वालों की लाइन लगनी शुरू हो जाती है। इस दुकान के मालिक अजय कुमार साहू ने बताया कि वह 18 वर्ष की उम्र से स्टॉल लगाते थे और अब उनकी उम्र 62 वर्ष हो चुकी है। उनके पिता स्वर्गीय दुर्गा प्रसाद साहू भी स्टॉल लगाते थे, जब 10 पैसे का खस्ता बिकता था। आजकल दो खस्ते ?44 के बिकते हैं। अजय कुमार साहू ने 1985 से पूरी सब्जी, छोला भटूरा, खस्ता, जलेबी का कार्य शुरू किया था। 24 वर्ष पूर्व, सन 2001 में, उन्होंने लाटूश रोड पर ही श्री दुर्गा खस्ता कॉर्नर के नाम से स्थाई दुकान खरीद कर चलानी शुरू की। अजय कुमार साहू सारे खड़े मसाले खरीद कर घर पर ही तैयार करते हैं।- बड़ा बेटा लव साहू सब्जी बनाने का काम करता है। दुर्गा खस्ता कॉर्नर लखनऊ के लोगों का पसंदीदा नाश्ता स्थल है, जहां लोग सुबह से ही खस्ता और पूड़ी सब्जी का स्वाद लेने के लिए आते हैं।

# रजबन में तीन दिन चला बाले मियां का उर्स, हिंदू परिवारों ने कहा हमारी आस्था का प्रतीक

वेलकम इंडिया



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार मेरठ ?।** मेरठ में कुछ ऐसे स्थल है जहां आज भी मुस्लिम पीर फकीरों के निशानों की इबादत हिन्दू परिवार के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया तीन रात चला यह कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ। हांलांकि हिंदू संस्कृति में पुर्ण विश्वास रखने वाले लोगों का तर्क यह है हिंदू बाहुल्य क्षेत्र में पीर की पूजा समझ से परे है उन्होंने कहा ऐसे कार्यक्रम की सूचना व शासन प्रशासन के संज्ञान में लिए बिना किया जाना बड़े सवाल खड़े करता है, बताया जा रहा है रजबन स्थित टैंडल मौहल्ला जहां सभी हिन्दू परिवार रहते हैं जो यह कार्यक्रम पिछले लगभग सौ वर्षों से किया जा रहा है बीते तीन दिनों विशेष समुदाय के सूफी/मौलाना द्वारा कलमा पढ़वा कर कार्यक्रम प्रारंभ किया उसके बाद रात भर कव्वाली का प्रोग्राम किया गया तथा विशेष प्रसाद के रूप भंडारा पब्लिक में वितरण किया गया बता दें उर्स, एक अरबी शब्द है, जिसका अर्थ है ₹शादी₹ या ₹मिलन₹। यह सूफी यों की पुण्यतिथि पर उनकी दरगाह (मकबरा) पर आयोजित एक वार्षिक उत्सव है। दुर्गा प्रसाद ठेकेदार धनाढ्य परिवार ने बताया रजबन टैंडल मौहल्ला चौक में बालेमिंया का उर्स व निशाना की इबादत हमारा परिवार लगभग सौ वर्षों से करता आ रहा है जिसमें मेरठ व दुरदराज से आये परिवार ही इसे मनाते है।

# तहसीलदार के खिलाफ किसानों में आक्रोश तहसील का किया घेराव

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** .स्याना भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने तहसीलदार स्याना अजय कुमार के खिलाफ तहसील स्याना मैं धरना प्रदर्शन किया इससे पहले हजारों किसान स्याना स्थित गढ़ स्टैंड स्क्रैप गोदाम पर इकट्ठा हुए करीब 400 ट्रैक्टर सहित सभी किसान बुगरासी अड्डा और चांदपुर चुंगी होते हुए जुलूस के रूप में तहसील में पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया गुस्साए किसानों ने पूरी तहसील को ट्रैक्टरों से खचाखच भर दिया और थाने के बाहर भी दूर-दूर तक जाम जैसी स्थिति स्याना में लग चुकी ,इतना ही नहीं किसानों ने तहसील की गैलरी में भी ट्रैक्टरों को चढ़ा दिया । मौके पर वार्ता को पहुंचे एसडीम श्री गजेंद्र सिंह, डीएसपी श्री प्रखर पांडे, नायब तहसीलदार श्री मुन्नेलाल जी, कोतवाल श्री वाई डी शर्मा, एसडीओ बिजली स्याना आदि अधिकारियों को किसानों ने मौके पर बात सुनने से इनकार कर दिया और तहसीलदार को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे और उसके कृत्यों के आधार पर उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को जारी रखा जिसके चलते वार्ता विफल रही और अधिकारी मौके से चले गए। एसडीम श्री गजेंद्र सिंह ने दोबारा सात किसानों के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता करने के उपरांत स्वयं भी अफसोस जाहिर करते हुए तहसीलदार को हड़काते हुए तहसीलदार के कार्यों को गलत माना ओर खानपुर नगर की जो जमीन भू माफिया से साथ गांठ कर उनका कब्जा कर दिया।

# धूमधाम से निकली गई महाराणा प्रताप की शोभा यात्रा

वेलकम इंडिया



ऊंचागांव में शुक्रवार को महाराणा प्रताप जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई समस्त क्षेत्रवासी के संयोजन में आयोजित यह यात्रा राणा फार्महाउस से शुरू हुई शोभायात्रा में सैकड़ों ट्रैक्टर, बाइक, कार और अन्य वाहन शामिल थे। भीषण गर्मी के बावजूद युवाओं का उत्साह कम नहीं हुआ क्षेत्र में धूमधाम के साथ निकाली गई क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में महाराणा प्रताप की शोभायात्रा डीजे के साथ धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा में पांच दर्जन बाइक सवार और दो दर्जन चौपहिया वाहन शामिल रहे। ऊंचागांव में 18 मई को निकाली जाने वाली महाराणा प्रताप की शोभा इस वर्ष भी रविवार को शोभायात्रा डीजे के साथ बड़ी धूमधाम के साथ निकाली गई। इस अवसर पर महाराणा प्रताप के अनुयाईयों ने भीषण गर्मी के बीच क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में महाराणा प्रताप भारी भीड़ के साथ निकाली गई। महाराणा प्रताप कमेटी के सदस्य शैलेंद्र सिंह राणा, अंकित चौहान, सुखविंदर सिंह राणा ने बताया कि महाराणा प्रताप शोभायात्रा ऊंचागांव किले से शुरू की गई। गांव नरसेना, कमालपुर, पाली, रघुनाथपुर, नित्यानंदपुर नगरिया, शकरपुर, रहमतपुर ओगना, चठेहरा, अमरगढ़ और सबदलपुर आदि गांव से होते हुए ऊंचा गांव में जाकर संपन्न हो गई। महाराणा प्रताप शोभा यात्रा में गायक कलाकार डीके ठाकुर, शैलेन्द्र राणा, आशु , सचिन आकाश राणा, ललित, सर्वेश आदि लोगों ने शोभायात्रा में व्यवस्था बनाने में सहयोग किया।

# नगर एवं क्षेत्र की सुरक्षा और अपराध का खात्मा करना पहली प्राथमिकता, क्षितिज कुमार सिंह

वेलकम इंडिया





**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में अलग-अलग वक्ताओं ने अपनी राय रखी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने सभी लोगों से अपील करते हुए नगर एवं क्षेत्र में शांति बनाए रखने एवं आपसी भाईचारा और कायम करने की अपील की। शांति भंग करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान बैठक में दर्जनों लोग मौजूद रहे। बीते दिनों कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष लोगों पर हमला करते हुए 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। देशभर में तनाव की स्थिति हो गई थी और कई जगहों पर दोनों समुदाय के लोगों के बीच जुबानी जंग और सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी शुरू हो गई थी। भारत ने पाकिस्तान में घुसकर मुंहतोड़ जवाब देते हुए आतंकियों के ठिकानों पर हमला करते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया था। सोमवार को थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक का संचालन व्यापार मंडल अध्यक्ष ईश्वर दयाल कंसल एवं अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने की। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए समाजसेवी जावेद जंग ने कहा कि कांधला कस्बा मोहब्बत नगर के नाम से जाना जाता है यहां पर कभी भी हिंदू मुस्लिम जैसा विवाद नहीं हुआ है और सभी लोग एक दूसरे का सम्मान करते हुए शादी विवाह एवं त्योहारों में शामिल होते हैं। सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल के चैयरमेन राजीव शर्मा ने कहा कि जब पूरे देश में इमरजेंसी जैसे हालात हो रहे थे तो तब भी यहां के लोगों ने आपसी भाईचारा कायम रखते हुए एक दूसरे के दुख-सुख में शामिल हुए थे । व्यापारी पवन कंसल एवं रालोद नेता अरविंद पवार ने नगर में बढ़ रहे अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर हटवाने की मांग की। व्यापार मंडल के अध्यक्ष ईश्वर दयाल कंसल ने कहा कि नगर में लगातार बढ़ रहा अतिक्रमण चिंता का विषय है व्यापारी जगत खुद पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हुए अतिक्रमण हटवाने में साथ रहेगा। इस दौरान कई लोगों ने नगर एवं क्षेत्र में हो रही नशे की बिक्री पर पूर्ण रूप से लगाम लगाने की मांग की।

# आधा दर्जन किसानों के नलकूपों पर चोरी की घटना

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा के आधा दर्जन किसानों के नलकूपों पर चोरों ने धावा बोलकर कमरों की दीवार तोड़कर उपकरण चोरी कर लिए। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण करते हुए चोरों की तलाश की। पीड़ित किसानों ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी किसानों ने अपने खेतों पर पानी की सिंचाई करने के लिए नलकूपों का निर्माण कर रखे हैं। किसान रणधीर सिंह, सुभाष,जितेंद्र, परमिंद्र,विनोद, प्रकाश सिंह, वीरेंद्र सिंह, कृष्ण पाल, सतपाल अशोक, संजीव सिंह सहित आदि ने बताया कि रात्रि के समय चोरों ने उनके खेतों पर बने नलकूप के कमरों की दीवार तोड़कर बिजली के उपकरण चोरी कर लिए। सोमवार सवेरे जैसे ही किसान अपने खेतों पर पहुंचे तो सामान बिखरा हुआ था और दीवार टूटी हुई थी। किसानों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने घटना का राजफाश करने के लिए निरीक्षण किया मगर पुलिस के हाथ कोई भी सुराग नहीं लगे। पीड़ित किसानों ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर चोरी का खुलासा कर चोरों को पकड़ने की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है जल्दी चोरी का खुलासा कर दिया जायेगा।

# आखिर क्यों छोड़ दिया गया ये बच्चा, और क्या था इस मासूम का अपराध

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** शहर में रविवार की रात मानवता को तार-तार कर देने वाला एक मामला सामने आया, जब चौपुला के पास रेलवे कॉलोनी में लगभग एक दो वर्षीय मासूम बच्चा लावारिस हालत में पाया गया। आशंका जताई जा रही है कि बच्चे को जानबूझकर वहां छोड़ा गया है। घटना की सूचना पर सक्रिय हुई स्थानीय समाजसेवी संस्था चाइल्डलाइन ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बच्चे को अपनी सुरक्षा में लिया और जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। डॉक्टर ने बताया है कि बच्चा शारीरिक रूप से तो स्वस्थ है, लेकिन उसे सुनाई नहीं देता और वह किसी प्रकार की आवाज या संकेत पर प्रतिक्रिया नहीं कर रहा है। डॉक्टरों ने शंका जताई कि बच्चा सुनने और बोलने में असमर्थ हो सकता है।

उसके व्यवहार और प्रतिक्रिया के आधार पर यह भी माना जा रहा है कि वह मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ नहीं है। चाइल्डलाइन की टीम ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तुरंत मानसिक स्वास्थ्य संस्थान को सूचित किया, जहां से विशेष चिकित्सकों की एक टीम जिला अस्पताल पहुंची और बच्चे की मानसिक स्थिति का आकलन किया।

# मुस्कान पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाला वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**चांदपुर :** चांदपुर में कुछ दिन पूर्व नगर के मोहल्ला शाहचन्दन में घर में सो रही युवती की गर्दन पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। नगर के मोहल्ला शाहचन्दन निवासी नासिर पुत्र अब्दुल मजीद ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि 16 मई 2025 को साढू की पुत्री मुस्कान व पत्नी सईदा के साथ घर के अंदर रात्रि में बेड पर सोए रही थी अचानक साढू की पुत्री की आंख खुल गई थी। तो घर में एक अज्ञात युवक घूस गया था तो अज्ञात युवक ने मुस्कान के गर्दन पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया और चाकू मारकर आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओ में दर्ज कर लिया था। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच पड़ताल में जुट गई थी। पुलिस ने तीन दिन में आरोपी को पकड़कर लिया है। पुलिस ने आरोपी सलमान पुत्र फुरकान मोहल्ला शाहचन्दन को सब्जी काटने वाले चाकू के साथ गिरफ्तार किए है। पुलिस टीम में एसआई शादाब खान, मुख्य आरक्षी राहुल कुमार, आरक्षी अवनीश कुमार, अभिषेक कुमार मौजूद रहे। थानाध्यक्ष संजय कुमार तोमर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# दो बाइकों की टक्कर में एक युवक घायल हालत गंभीर

वेलकम इंडिया



**कांधला।** थाना क्षेत्र के इस्लामपुर घसौली मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई बाइक पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य बाइक पर सवार दो लोग अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गए राहगीरों ने उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर मेरठ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी इमरान अपनी बाइक पर सवार होकर देर रात किसी कार्य से गांव इस्लामपुर घसौली जा रहा था आरोप है कि जैसे ही बाइक सवार गांव चढ़ाव के समीप पहुंचा तो विपरीत दिशा से बाइक पर सवार दो लोगों ने सामने की टक्कर मार दी। आरोपी टक्कर मारकर मौके से फरार हो गए। घायल की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने उपचार के लिए नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। परिजनों की माने तो हादसे में घायल युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है और इलाज जारी है।

# नहटौर नहर प्रणाली की नहरों के अंतिम छोर तक पानी देखकर किसानों के चहरे खिले



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के नियंत्रणाधीन नहटौर नहर प्रणाली के अन्तर्गत नहटौर मुख्य नहर, भटियाना एवं सरकथल अल्पिकाओं के टेल भाग तक पानी देखकर क्षेत्रीय कृषकों ने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि खण्ड के अधिशासी अभियंता इंजी. अवधेश कुमार शर्मा द्वारा अपने अधीनस्थों को परिश्रमेण सफलता अवश्यं लभते का मूलमंत्र अंगीकार कराकर विभाग के होलोग्राम पर अंकित सूक्ति सिंचनेन समृद्धि भवति को सार्थक करते हुए अथक प्रयास एवं कुशल नेतृत्व से नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुँचाने का लक्ष्य हासिल किया है। विभाग के सहायक अभियंता पवन कुमार, जूनियर इंजीनियर नासिर हुसैन एवं अन्य कर्मचारियों ने विभाग के मूल उद्देश्य को पूर्ण करने में अहम भूमिका अदा की है। क्षेत्रीय कृषक अंकुर कौशिक, महेन्द्र सिंह पाल, टीकेन्द्र चौहान, दिनेश कुमार एवं श्रवण कुमार आदि ने बताया कि तप्ती दोपहर एवं भीषण गर्मी में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नहरों पर भ्रमण कर अंतिम छोर तक सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध कराकर प्रसंशनीय एवं सराहनीय कार्य किया है।

# दहेज के मुकदमे से नाराज पति ने चुपचाप रचाई दूसरी शादी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपने पति पर दूसरी महिला से शादी कर धोखाधड़ी करने और वैवाहिक जीवन को बर्बाद करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले में पीड़िता ने बारादरी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने बताया है कि उसका विवाह बदायूं के थाना विल्सी ग्राम सिरासौल जसा निवासी संग्राम सिंह के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग कर उत्पीड़न किया गया, जिसकी रिपोर्ट बारादरी थाने में दर्ज है और मामले में चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है। पीड़िता के अनुसार आरोपी संग्राम सिंह, उसके पिता ओमकार सिंह, देवर वरुण सिंह, कीर्ति सिंह और ननद जिज्ञासा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मानसिक यातना का मुकदमा चल रहा है। वहीं पीड़िता ने बरेली के परिवार न्यायालय में भरण-पोषण के लिए वाद भी दाखिल कर रखा है, जो अभी तक विचाराधीन है। इस मामले में तलाक की कोई भी कानूनी प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हुई है।

# फरीदपुर बवाल में तांडव करने वाले 40 हमलावरों पर मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** फरीदपुर क्षेत्र के खजुरिया हाजीपुर गांव में रविवार को मामूली वाहन टक्कर को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि कार टक्कर के बाद उत्पन्न विवाद में एक पक्ष के करीब 40 लोगों ने दूसरे पक्ष के घर पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने ईंट-पत्थर, तलवार और हथियारों से लैस होकर घर में घुसकर महिलाओं समेत परिजनों से मारपीट की और तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के दौरान हुई फायरिंग से क्षेत्र में दहशत फैल गई और फरीदपुर-बीसलपुर मुख्य मार्ग कुछ समय के लिए बाधित हो गया। पुलिस ने 40 पर एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। विशाल सागर की कार को रविवार दोपहर एक अन्य कार ने पीछे से टक्कर मार दी। विरोध करने पर दूसरी कार में सवार चार-पांच लोगों ने विशाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण ठाकुर अंकित तोमर ने हस्तक्षेप कर विशाल को हमलावरों से बचाया और अपने घर ले गए। कुछ देर बाद ही दर्जनों की संख्या में लोग इकट्ठा होकर अंकित के घर पर टूट पड़े। दरवाजा तोड़कर घर में घुसे हमलावरों ने महिलाओं और अन्य परिजनों से भी मारपीट की।

# रानी झांसी को नमन करते हुये सदर बाजार में प्रतिमा तले दी उन्नीस की सलामी

वेलकम इंडिया



**झांसी!** मानव विकास संस्थान के तत्वावधान में सेवा निवृत राष्ट्रीकृत बैंक रवि प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता , पार्थ फाउंडेशन की अध्यक्षा माननीय रन्जना सिंह बुन्देला के मुख्य आतिथ्य , राष्ट्रीय कन्वीनर अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य , सूरज प्रसाद इण्टर कॉलेज की वरिष्ठ शिक्षक श्रीमती संध्या गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य एवम वरिष्ठ सदस्य गणेश दत्त जोशी के संयोजन में आज रानी झांसी की प्रतिमा तले उन्हें नमन करते हुए सलामी दी गयी। आरम्भ में अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण कर किया गया। रानी झांसी के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए आज के अतिथियों ने आगामी पीढ़ी के बच्चों को उनके जीवन से प्रेरित होने का आवाहन किया। मुख्य अतिथि ने कहा सलामी कार्यक्रम को निरन्तर मानव विकास संस्थान रानी की जन्म की तिथि के दिन माह की प्रत्येक उन्नीस तारीख को सलामी देते हुए उन्हें नमन करता आया है। आज मणिकर्णिका से झांसी रानी बनने के सौभाग्य झांसी के राजा व लक्ष्मीबाई के वैवाहिक वर्षगांठ का भी दिवस है। विशिष्ट अतिथि की अगुवाई में, आर्य कन्या महाविद्यालय की एन सी सी कैडेट मोना की कमांड पर मॉनिटर साक्षी के साथ आधा सैकड़ा विरांगनाओं के साथ - साथ सभी ने रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा को नमन करते हुए सलामी दी। सभी ने रानी झांसी अमर रहें अमर रहें व रानी तेरा वो बलिदान - याद करेगा हिन्दुस्तान के नारे लगाए। वन्देमातरम व भारत माता की जय से वातावरण गुंजायमान हुआ। इस अवसर पर सेवा निवृत रेल इंजी. पुरूषोत्तम गुप्ता , गणेश दत्त जोशी , विष्णु दयाल अग्रवाल , अजय श्रीवास्तव , अरुण भंडारी , कल्पना चौहान , ज्योति राय , कामना व नीलम सिंह जी के अतिरिक्त गण मान्य नागरिकों ने सक्रिय सहयोग किया। सभी के प्रति आभार संस्थान सचिव अनिल कुमार साहू ने व्यक्त किया।

# कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बच्चों को प्रमाण पत्र व गिफ्ट देकर किया सम्मानित

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार



हापुड़ जनपद में अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान व संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जनपद स्तरीय छह दिवसीय रामायण चित्रकला कार्यशाला का समापन नगर क्षेत्र के शिवा प्राथमिक पाठशाला में हुआ।इस दैरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी नरेंद्र अग्रवाल व डॉ सुमन अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण में कार्यशाला में विद्यार्थियों ने रामायण के पात्रों को चित्रकला के माध्यम से बनाया। 6 दिन तक उन्होंने राम कथा के विभिन्न प्रसंगों को रंगों के माध्यम से जीवंत किया।समापन में अतिथि भी चित्रों को देखकर भावुक नजर आए। इस दौरान चित्रकला के माध्यम से रामायण के प्रसंगो को उकेरने वालें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दस बच्चों को प्रमाण पत्र व गिफ्ट देकर सम्मानित किया।जिला समन्वयक व राज्य आईसीटी पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापिका डॉ सुमन अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यशाला से बच्चों के अंदर की प्रतिभा को एक संतुलित दिशा देने का प्रयास किया गया है।समाजसेवी व एटीएम एस के चेयरमेन नरेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि रामायण में शिक्षा का संबंध नैतिक मूल्यों, कर्तव्य, अनुशासन, समर्पण और ईमानदारी जैसे विषयों से है, जो आज की शिक्षा प्रणाली में भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा किसी कान्वेंट स्कूल के बच्चों से कम नहीं है। रामायण अभिरुचि कार्यशाला से बच्चे भारतीय संर्सत और जीवन मूल्यों के बारे में जाना और उसका उपयोग अपने शैक्षिक, सामाजिक जीवन में भी कर पाएंगे। इस अवसर पर डॉ हरजीत कौर,नीतू नारंग, लक्ष्मी शर्मा, अपूर्वा, सुमन, सोनिया आदि मौजूद थे।

# प्रीटी पेंग्विंस व टेक्सटाइल शाखा में 13 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** शिविर एक ऐसी जगह है जहां दोस्त बनते हैं यादें बनती हैं और सपने उड़ान भरते हैंr। डॉ. के. एन. मोदी ग्लोबल स्कूल की 'प्रीटी पेंग्विंस' व 'टेक्सटाइल' शाखा में सोमवार को 13 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ हुआ। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ.के.एन. मोदी ग्लोबल स्कूल की उप प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा शर्मा, हेडमिस्ट्रेस श्रीमती सपना खुराना( टेक्सटाइल शाखा )श्रीमती प्रेरणा वर्मा( प्रीटी पेंग्विंस शाखा ) के द्वारा सरस्वती मां के आगे दीप प्रज्वलित करके की गई। नन्हे मुन्ने बच्चों ने सर्वप्रथम माता सरस्वती का आशीर्वाद ग्रहण किया इसके पश्चात रिबन कटिंग व केक कटिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया और सभी छात्रों ने खुशी-खुशी अपनी अपनी गतिविधियों की ओर प्रस्थान किया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और नए दोस्त बनाए। इस शिविर में बच्चों ने निम्न गतिविधियों में हिस्सा लिया - फन स्पोट्र्स, कॉफ्ट मास्टर, आर्टिस्टिक राइटिंग, कम्युनिकेशन, बीट ब्लास्ट, लिटिल साइंटिस्ट, स्किल बिल्डर आदि। शिविर का मुख्य आकर्षण गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य गतिविधियां भी रही जैसे की ट्रेन राइड, जंगल सफारी, योगा, स्विंग, पुल मस्ती, रेन डांस पार्टी टाइम, आइस इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को गर्मियों की छुट्टियों में एक सुरक्षित और मनोरंजक वातावरण प्रदान करना है, जहाँ वे नए कौशल सीख सकें व बच्चों का सर्वांगीण विकास और गर्मी की छुट्टियों का रचनात्मक उपयोग हो। इस समर कैम्प में बच्चों को कला, संगीत, नृत्य, स्केटिंग,ताइक्वांडो, योग, अग्निरहित पाककला, फ्रैंच भाषा विकास, हस्तशिल्प,व्यक्तित्व विकास आदि विविध गतिविधियों का अवसर मिलेगा। विद्यालय के वरिष्ठों द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए बताया गया की कैंप का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना, आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें एक रचनात्मक मंच प्रदान करना है। इस प्रकार छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ कैंप का प्रथम दिवस व्यतीत किया और सभी छात्रों ने आनंद के साथ अपने-अपने घर को प्रस्थान किया।

# बच्चों के संपूर्ण विकास का रामसेतु है छाया पब्लिक स्कूल-अमित नेहरा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के सभागार में बार एसोसिएशन गाजियाबाद के लगातार दूसरी बार निर्वाचित सचिव होकर इतिहास रचने वाले अमित नेहरा का छाया स्कूल परिवार की तरफ से अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रबंधन व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं की तरफ से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई और उनकी इस ऐतिहासिक विजय के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त सचिव अमित नेहरा ने अपने संबोधन में कहा कि छाया पब्लिक स्कूल से मेरा बचपन से अटूट रिश्ता रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरूण त्यागी मेरे बड़े भाई की तरह है और उनका प्यार ओर आशीर्वाद मेरे साथ सदैव रहा है मुझे खुशी है कि आज मैं विद्या के ऐसे मंदिर में मेरा अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ है जिसको प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में शिक्षा और संस्कारों का रामसेतु कहा जाता है। आज सैकड़ों बच्चे यहां से शिक्षा प्राप्त कर देश व विदेशों में उच्च पदों पर आसीन होकर अपनी सेवाएं दे रहे है। खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी छाया पब्लिक स्कूल की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेषत पहचान है आज छाया स्कूल बड़े भाई डॉक्टर अरुण त्यागी नेतृत्व में मोदीनगर का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर दो बार के निर्वाचित व मोदीनगर के लोकप्रिय पार्षद व अधिवक्ता ललित त्यागी ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने कहा की अमित नेहरा परिवार का मोदीनगर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है अमित नेहरा जी के सरल व सरस स्वभाव एवं उनके कुशल व्यवहार के सभी कायल है इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# श्री केंद्रीय विद्यालय मुरादनगर में सीएटीसी.123 कैंप का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** 35 यू.पी .बीएन. एनसीसी मोदीनगर के तत्वाधान में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर में 20 मई 2025 से 29 मई 2025 तक सीएटीसी.123 कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में लगभग 400 बॉयज व गर्ल्स कैडेट प्रतिभाग करेंगे। कैम्प कमांडेंट कर्नल पी.के. सिंह व डिप्टी कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल आर .पी. दहिया के निर्देशन में कैम्प संचालित किया जाएगा। कैम्प के दौरान एनसीसी कैडेट को अपने व्यक्तित्व को विकसित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा तथा उन्हें आत्मविश्वास ,नेतृत्व कौशल, और सामाजिक कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी। एनसीसी कैम्प के दौरान एनसीसी कैडेट को शस्त्र प्रशिक्षण, शारीरिक ट्रेनिंग, खेलकूद ,साइबर क्राइम ,बैंकिंग ,ट्रैफिक के नियम ,प्राथमिक चिकित्सा, सामाजिक सेवा ,ड्रिल ,मैप रीडिंग ,टेंट पिचिंग आदि ट्रेनिंग दी जाएगी तथा कैम्प के दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा तथा प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले एनसीसी कैडेट को सम्मानित किया जाएगा। कैंप के श्री गणेश के दौरान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मुरादनगर के प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार कैंप कमांडेंट कर्नल पी .के. सिंह व डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल आर .पी. दहिया व सूबेदार मेजर परमानंद व उनकी टीम का स्वागत करेंगे।

# काईट में हुआ 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को समर्पित 'शौर्य तिरंगायात्रा' का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मुरादनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और राष्ट्र की रक्षा में उनके अद्वितीय योगदान को सम्मानित करने के लिए काईट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स में एक विशेष 'शौर्य तिरंगायात्रा' (फ्लैग मार्च) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण की सफलता को समर्पित रहा, जिसमें आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता और भारतीय सेना के समर्थन का संदेश दिया गया।

इस गौरवपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त निदेशक डॉ. मनोज गोयल जी के दिशा निर्देशन में हुआ। आयोजन में डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अनुराग गुप्ता, एनसीसी अधिकारी डॉ. कपिल शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी कैप्टन के. पी. एस. सिंह, तथा लगभग 600 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अतिरिक्त, बड़ी संख्या में संकाय सदस्य और संस्थान के स्टाफ भी इस राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत आयोजन में उपस्थित रहे।फ्लैग मार्च का शुभारंभ संध्या 5:30 बजे अ ब्लॉक के सामने स्थित राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ से हुआ। छात्र-छात्राएं और संकाय सदस्य हाथों में तिरंगा लिए राष्ट्रभक्ति के जोश से गूंज उठे। 'जय हिन्द', 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' जैसे नारों ने वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देशवासियों में आतंकवाद के विरुद्ध एकजुटता की भावना और सेना के प्रति आभार प्रकट करना था। संस्थान के प्रशासन ने सभी छात्रों से इस प्रकार के राष्ट्रहित कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ अत्यंत गरिमामयी रूप में किया गया।

# स्टे की पांच बीघे जमीन पर भू-माफियाओं का चला ट्रैक्टर

वेलकम इंडिया

**वाराणसी मिजार्मुराद।** पिंडरा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़ागांव के बिसईपुर व सीतापुर पुरवे में जिस विवादित भूमि पर हाईकोर्ट से स्टे है, उसी भूमि पर तहसील प्रशासन एवं स्थानीय बड़ागांव पुलिस की सह पर दबंगों ने रातों-रात बाउंड्रीवॉल को तोड़कर खड़ंजे का निर्माण करवा लिया। इतना ही नहीं स्टे के कारण पंद्रह साल से परती पड़े लगभग पांच बीघे विवादित भूमि को भी दबंगों ने ट्रैक्टर से जोतवा दिया है।इस मामले में शिकायत के बाद भी राजस्व एवं पुलिस टीम ने पीड़ित की कोई मदद नहीं किया। पीड़ित विपिन पांडे सोमवार को पिंडरा एसडीएम प्रतिभा मिश्रा के कार्यालय में पहुंचकर उन्हें संपूर्ण घटना की जानकारी दिया,परंतु उन्होंने साफ शब्दों में कह दिया कि हाईकोर्ट से स्टे है तो तुम हाईकोर्ट जाओ,मैं किसी प्रकार का कोई प्रार्थना पत्र नहीं लूंगी। इस मामले में एसडीएम प्रतिभा मिश्रा से बातचीत कर उनका पक्ष रखने का प्रयास किया गया,परंतु वे फोन रिसीव करना मुनासिब नहीं समझी। सच पूछिए तो पिंडरा तहसील प्रशासन द्वारा फरियादियों को न्याय दिलाने के बजाय उनको अपमानित करने के साथ शोषण का सिलसिला तेजी से चल रहा है। इसीलिए तो अधिवक्ता भी लामबंद होकर एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा तथा एसडीएम न्यायिक प्रज्ञा सिंह को तहसील से हटाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

फरियादी न्याय के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। इसके बावजूद भी सत्ता पक्ष के एक विधायक के प्रभाव के चलते उपरोक्त अधिकारियों के खिलाफ बड़े अफसर कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं।

# सेना के शौर्य सम्मान में मातृभूमि सेवा संघ की तिरंगा यात्रा का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मातृभूमि सेवा संघ मोदीनगर ने भारत के आपरेशन सिंदूर की पाकिस्तान पर मात्र तीन दिन में विजय प्राप्त करने लेने वाली अपनी भारतीय सेना के शौर्य सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन शाम पॉच बजे किया गया। कवि प्रदीप भारद्वाज की ओजस्वी कविता को भारत माता की बार-बार जयघोष के साथ सुना गया - सुन्दरियों के सिन्दूर यहाँ,अब और नहीं मिटने देंगे।मातृभूमि के सीने में अब,जख़्म नही होने देंगे।तिरंगा यात्रा सतीश दहिया पार्क से आरंभ होकर गोविन्दपुरी, डबल स्टोरी आदि गलियों से होकर भारत माता और भारतीय सेना के जय घोष के साथ निकाली गई। सेना के शौर्य को घर घर तक पहुॅचाने तथा आने वाली युवा पीढी में देशभक्ति की चेतना का संचार करने की प्रेरणा दी। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक युवा और बच्चे जोश व उत्साह से बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। विनोद वैशाली चेयरमैन, रीता ढोडी, सभासद लोकेश कुमार ढोडी, कवि प्रदीप भारद्वाज भारद्वाज, संदीप मोनू फूल वाले, सभासद विकास भारतीय, जोत सिंह नैयर, मातृभूमि सेवा संघ के सभी कर्मठ कार्यकर्ता, आशीष रघुवंशी, दीपक कुंडू, रूपा त्यागी, खुशहाल सिंह नेगी, सतीश लालदास भव्य शिशौदिया भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अपराजिता शर्मा, सभासद रीता डोडी, सभासद मोनू कुमार फूल वाले, लोकेश डोडी, विकास भारतीय, रूपा त्यागी, खुशाल सिंह नेगी पूर्व सैनिक, नीरज शर्मा, आशुतोष सक्सैना, पवन चौधरी, पवन शर्मा, अविनाश झा, मोहित सोनी, सिद्धार्थ सिंह, भव्य सिसोदिया, टिंकू ठाकुर,सोनू ठाकुर ,आलोक ठाकुर, पुनीत बत्रा, मोनू, संदीप, प्रदीप कुमार, भारी संख्या में जन सैलाब उमड़ा।

# उत्थान फाउंडेशन द्वारा आयुष योजना के तहत सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन ड्राइव का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नारी स्वास्थ्य और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्थान फाउंडेशन ने अपनी स्वास्थ्य जागरूकता पहल आयुष योजना के अंतर्गत आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, मोदीनगर में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एक वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया। इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की प्रमुख जानकारी साझा करते हुए उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि इस वैक्सीनेशन ड्राइव में कुल 107 छात्राओं को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन लगाई गई। वैक्सीनेशन की ज़िम्मेदारी डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. अनुभा और उनकी टीम (गाजियाबाद) ने कुशलतापूर्वक निभाई। यह अभियान रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3012 के सहयोग से चलाए जा रहे विराज प्रोजेक्ट - सेव वुमेन के तहत संपन्न हुआ। इस परियोजना का उद्देश्य 2000 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन प्रदान करना है, ताकि भविष्य में वे सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रह सकें।उत्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष सी.ए. राहुल जैन ने जानकारी दी कि इस अभियान में सहयोगी संगठन के रूप में रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद सैफायर और रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली एकॉर्ड का विशेष योगदान रहा।

# उप कृषि निदेशक ने किया पीएम किसान कैम्प का औचक निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**वाराणसी।** जनपद के सेवापुरी विकास खण्ड के लोहराडीह महराजगंज गांव में आयोजित पीएम किसान कैम्प का सोमवार को जनपद के उप कृषि निदेशक अमित जयसवाल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी कृषि अमित सिंह,तकनीक सहायक ओंकार कैम्प में उपस्थित रहे।पीएम किसान कैम्प में एनपीसीआई , भूलेख अंकन एवं ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा था।उप कृषि निदेशक ने कैम्प में उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए समय सीमा के अंदर पीएम किसान सम्मान निधि योजना से सम्बंधित किसानों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये जिससे किसानों को धनराशि मिलने में कोई असुविधा न हो। मक्का के प्रदर्शन प्लाट का निरीक्षण - इसी क्रम में उप कृषि निदेशक ने सेवापुरी ब्लाक के दौलतिया गांव में त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित प्रगतिशील किसान उदयभान सिंह के एक एकड़ क्षेत्रफल में बोये गये बायो सीड्स कं.की 9544 की प्रजाति की फसल का निरीक्षण किया।किसान ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा शत-प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करायें गये मक्का के बीज की बुआई विगत 4 मार्च को की गयी थी, मक्का की फसल में भुट्टे आ गये है।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राखीगढ़ी में 20 करोड़ रुपए की तीन विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

वेलकम इंडिया




**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिन्धु घाटी सभ्यता के ऐतिहासिक स्थल राखीगढ़ी में स्थापित संग्रहालय एवं व्याख्यान केंद्र में 20 करोड़ लागत की तीन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया, जिनमें विश्रामगृह, छात्रावास तथा कैफेटेरिया शामिल हैं।इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा और लोक निर्माण एवं जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इसके अलावा मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री ने आइकोनिक स्थल राखीगढ़ी पर तैयार की गई पुस्तिका का भी विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्राम गृह, कैफेटरिया तथा हॉस्टल बनने से देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों तथा विद्यार्थियों को शानदार सुविधाएं मिलेंगी। 17 कमरों वाला रेस्ट हाउस आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। हॉस्टल में विद्यार्थियों के ठहरने के लिए 13 डोरमेट्री बनाई गई हैं। इसके अलावा डाइनिंग हॉल की सुविधा भी रहेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। यहां खुदाई के दौरान अब तक प्राप्त हड़प्पा कालीन वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में हड़प्पा कालीन बच्चों के खिलौने, टैराकोटा छकड़ा गाड़ी का पहिया, दीए, टैरा कोटा मनके, मालाएं इत्यादि वस्तुओं को रखा गया।

# 2027 तक यूपी को बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प, योगी सरकार ने कसी कमर

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बाल श्रम के विरुद्ध निर्णायक अभियान की शुरूआत हो चुकी है। योगी सरकार ने वर्ष 2027 तक प्रदेश को बाल श्रम से पूरी तरह मुक्त करने का लक्ष्य तय करते हुए बहुआयामी योजनाओं को जमीन पर उतार दिया है। जागरूकता से लेकर शिक्षा और पुनर्वासन तक, हर स्तर पर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि बचपन को मजबूरी नहीं, अवसर मिल सके। योगी सरकार का यह अभियान अब सिर्फ सरकारी फाइलों तक सीमित नहीं, बल्कि हर गांव, हर गली तक पहुंच चुका है, जहां बचपन मुस्कुरा रहा है और भविष्य आकार ले रहा है। बाल श्रम की रोकथाम के लिए 12 जून को अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के माध्यम से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया जाएगा कि बच्चों का स्थान केवल स्कूल में है, श्रम में नहीं। इसके लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से समन्वय बनाकर जागरुकता अभियान को धार दी जाएगी। योगी सरकार के प्रयासों से अब तक 10,336 बाल श्रमिकों की पहचान की जा चुकी है। वर्ष 2017-18 से 2024-25 तक 12,426 बाल श्रमिकों का शैक्षिक पुनर्वासन कराया गया है, ताकि ये बच्चे फिर से विद्यालय में जाकर एक नई शुरूआत कर सकें। यही नहीं, इन बच्चों के परिवारों को भी सरकार ने अकेला नहीं छोड़ा। 1,089 परिवारों को आर्थिक पुनर्वासन के जरिए सहायता दी गई है, ताकि वे मजबूरीवश अपने बच्चों से काम न करवाएं।

यही नहीं योगी सरकार द्वारा संचालित बाल श्रमिक विद्या योजना के अंतर्गत 2,000 कामकाजी बच्चों को स्कूल में दाखिला दिलाया गया है और उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई, जिससे उनके पढ़ाई के रास्ते में कोई बाधा न आए। यह योजना न केवल शिक्षा को बढ़ावा देती है, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण को भी बदलने का काम कर रही है।

# शौर्य तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश






**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** आज गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र में शौर्य तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में देशभक्त नागरिकों ने भाग लिया। यह यात्रा उत्सव भवन विजय नगर से प्रारंभ होकर स्वदेशी चौक प्रताप विहार तक निकाली गई। यात्रा का उद्देश्य देशप्रेम, राष्ट्रीय एकता और शहीदों के सम्मान को जन-जन तक पहुंचाना था। यह गौरवशाली यात्रा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं विधायक संजीव शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुई। विधायक श्री संजीव शर्मा जी ने कहा, शौर्य तिरंगा यात्रा का उद्देश्य न केवल देश के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि यह सामाजिक एकता और सद्भाव को भी सुदृढ़ करता है। महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल जी ने कहा, भाजपा कार्यकर्ता सदैव राष्ट्रहित में अग्रणी रहे हैं। यह यात्रा उसी भावना को समर्पित है। आज जनसमूह ने यह सिद्ध कर दिया कि देशभक्ति अभी भी हमारे रग-रग में है। तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। आज की यह यात्रा हर देशवासी में राष्ट्रभक्ति की भावना को और प्रबल करती है। यात्रा में मंडल पदाधिकारी, पूर्व व वर्तमान पार्षदगण, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, सेक्टर संयोजक, वार्ड व बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक सहित वरिष्ठ भाजपा नेता हातम सिंह नागर, महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, निगम उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, सुरेन्द्र नागर, यात्रा संयोजक सचिन डेढ़ा, संदीप चौधरी, सुनील यादव, संजय कांत शर्मा, राजकुमार नागर, अनिल सांवरिया, अनुज मित्तल, महिम गुप्ता, पवन शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, वरुण नागर, हेमराज माहौर, देवेन्द्र चौधरी, रेनू चंदेला, पार्षद पूनम सिंह, पूर्व पार्षद लवली कौर, राहुल शर्मा, प्रतीक माथुर आदि उपस्थित रहे। तिरंगे से सजी सड़कों और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा।

## खुलेआम बिक रहा 'जहरज, शिकंजी-जूस से बढ़ रहा बीमारियों का खतरा

**गाजियाबाद।** शहर की सड़कों, गलियों और बाजारों में गर्मी से राहत देने वाले शिकंजी, जूस और अन्य पेय अब स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। स्वच्छता और गुणवत्ता की अनदेखी, गंदे पानी और बर्फ के इस्तेमाल के चलते यह पेय जहर का रूप ले चुके हैं। डेढ़ लाख से अधिक ठेली–पटरी वाले बिना किसी वैध लाइसेंस, स्वास्थ्य जांच और प्रशिक्षण के इन पेय पदार्थों को खुलेआम बेच रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि यह सब कुछ खाद्य सुरक्षा विभाग की आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन विभाग की निष्क्रियता ने हालात को बद से बदतर बना दिया है। एफएसएसएआई कानून के तहत हर खाद्य विक्रेता को लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है, लेकिन जमीन पर इसका कोई पालन नहीं हो रहा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, इन अस्वच्छ पेय पदार्थों के कारण दस्त, उल्टी, टायफॉइड, हैजा, हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ गया है। खुले में रखे खाद्य पदार्थ, गंदे बर्तन, सड़े–गले नींबू और अशुद्ध बर्फ का प्रयोग संक्रमण का सीधा कारण बन रहे हैं। स्थिति की गंभीरता इस बात से समझी जा सकती है कि यह सिर्फ खाद्य गुणवत्ता का सवाल नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति बन चुकी है। अब यह सिर्फ एक लोकल समस्या नहीं, बल्कि पूरे शहर के स्वास्थ्य और भविष्य का सवाल बन चुका है।

## छात्र पर जानलेवा हमला, जिंदगी और मौत से जूझ रहा छात्र

**गाजियाबाद।** शहर में पढे आए एक होनहार छात्र की जिंदगी पर 16 मई को उस समय संकट के बादल छा गए, जब आईएमएस कॉलेज के पास कुछ युवकों ने उस पर लाठी–डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए छात्र ध्रुव की हालत नाजुक बनी हुई है और वह अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। ध्रुव के सिर में गहरी चोटें आई हैं और खून के थक्के जमने के कारण उसकी स्थिति गंभीर है। उसके भाई उदय त्यागी ने इस हमले की एफआईआर दर्ज कराई है, जिसमें प्रथम वत्स, आलोक, सुमित सांगवान और नकुल सांगवान के नाम शामिल हैं। आरोप है कि इन चारों ने मिलकर ध्रुव पर बेरहमी से हमला किया। हालांकि, पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने इस गंभीर हमले को मामूली मामला बनाकर सुमित सांगवान और नकुल सांगवान को केवल शांति भंग की धाराओं में गिरफ्तार किया है। परिवार इस कार्रवाई से बेहद नाराज और आहत है। उनका कहना है कि यह न सि$र्फ अन्याय है, बल्कि अपराधियों को मनोबल बढ़ाने वाली कार्रवाई है। अब पीड़ित परिवार पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर पूरा मामला उनके संज्ञान में लाने की तैयारी में है। परिवार का कहना है कि यदि इस मामले में सख्त धाराओं में कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। यह घटना न सि$र्फ $कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी दशार्ती है कि कॉलेज परिसरों के आसपास युवाओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन को और सख्ती बरतने की जरूरत है। घायल छात्र ध्रुव के लिए शहरवासी दुआ कर रहे हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं।

## गुमशुदा नाबालिग को 24 घंटे में सकुशल बरामद कर लायी पुलिस

**गाजियाबाद।** तेजतर्रार कार्रवाई और पुलिसिया तत्परता का शानदार उदाहरण पेश करते हुए क्रासिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने एक नाबालिग लापता लड़की को मात्र 24 घंटे में सकुशल बरामद कर लिया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रीति गर्ग की टीम ने एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री के निर्देशन में एक ऐसी संभावित संगीन वारदात को टाल दिया, जो कभी भी गंभीर रूप ले सकती थी। पुलिस के अनुसार, शनिवार को सैन विहार निवासी एक नाबालिग लड़की रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गई थी। मामले की सूचना मिलते ही एसओ प्रीति गर्ग ने न सिर्फ तत्काल रिपोर्ट दर्ज कराई, बल्कि कई टीमों का गठन कर त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी। लगातार खोजबीन के बाद पुलिस को सोनीपत रेलवे स्टेशन से लापता लड़की को सकुशल बरामद करने में सफलता मिली। पूछताछ के दौरान लड़की ने बताया कि वह वैष्णो देवी दर्शन के इरादे से घर से निकली थी। पुलिस ने औपचारिक कार्रवाई के बाद लड़की को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता की सराहना करते हुए एसओ प्रीति गर्ग व उनकी टीम को धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व भी प्रीति गर्ग ने एक नाबालिग लड़की को कुछ घंटों में ढूंढ निकालने का सराहनीय कार्य किया था, जिससे उनके नेतृत्व में थाने की कार्यशैली को लेकर जनता में विश्वास और मजबूत हुआ है। यह घटना पुलिस की सक्रियता और जनसेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है, जिसने न सिर्फ एक परिवार को राहत दी, बल्कि कानून–व्यवस्था के प्रति जनता का भरोसा और मजबूत किया है।

## बेरोजगार युवाओं को मिलेगा ब्याज मुक्त ऋण

गाजियाबाद। प्रदेश सरकार बेरोजगार युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत जिले में कुल 1700 युवाओं को योजना में आवेदन कराकर लोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। उपायुक्त उद्योग भवन में सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में जिला उद्योग प्रोत्साहन उद्यम केन्द्र के उप आयुक्त श्रीनाथ पासवान ने बताया कि इस योजना के माध्यम से उन युवाओं को मौका दिया जाएगा, जिन्होंने सरकार के प्रशिक्षण केंद्रों से प्रशिक्षण प्राप्त किया है, लेकिन रोजगार के अवसर न मिलने के कारण परेशान हैं। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को पांच लाख रुपये तक का बिना ब्याज का लोन मिलेगा, साथ ही दस प्रतिशत सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी। योजना में 21 से 40 वर्ष के युवा आवेदन कर सकते हैं, जिनकी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं पास होनी आवश्यक है। उन्होंने बैंकों से आवेदन रिजेक्ट होने के सवाल पर कहा कि आवेदकों को अपना आवेदन सही तरीके से और नियमों के अनुसार भरना चाहिए ताकि बैंक स्तर पर कोई समस्या न आए। साथ ही, बैंकों से समन्वय बढ़ाकर अधिक से अधिक लोन स्वीकृत करवाए जा सकेंगे। भाजपा नेता व आयोजनकर्ता राजेश गुप्ता ने बताया कि युवाओं तक योजना की जानकारी पहुंचाने के लिए जगह–जगह शिविर और प्रचार–प्रसार कैंप लगाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें।

## विद्युत वितरण एक आवश्यक सेवा है, इसका सुचारू रूप से वितरण करना करें सुनिश्चितः जिलाधिकारी

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के संविदाकर्मी यूनियन द्वारा 20 मई 2025 को प्रस्तावित प्रदेश व्यापी 72 घंटे के कार्य बहिष्कार के दौरान, विद्युत आपूर्ति कार्य सुचारू से हो, की तैयारियों/व्यवस्थाओं के सम्बंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों, सम्बंधित संविदाकर्मी एजेन्सी, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम गाजियाबाद, आईटीआई एवं पॉलीटैक्निक विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आहूत हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा ने विद्युत विभाग की संविदाकर्मी एजेन्सियों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे उक्त कार्य बहिष्कार के दौरान अपना बैकअप प्लान पूर्व से ही तैयार रखते हुए अपने वर्कफोर्स की सूची व बैकअप प्लान उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी महोदय ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने स्तर से समस्त कर्मचारी संगठन व अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति को निर्बाध चलती रहे, के लिए समन्वय स्थापित करें। साथ इस ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करें जो कर्मचारियों को हड़ताल करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं या उकसा सकते हैं। उन्होने कहा कि यदि कोई भी सरकारी अधिकारी/कर्मचारी किसी भी तरह से हड़ताल को बढ़ावा देने सम्बंधित प्रकरण में पाया जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा ने कहा कि विद्युत वितरण एक आवश्यक सेवा है और इसका सुचारू रूप से वितरण सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण है। यह केवल घरों और व्यवसायों के लिए ही जरूरी नहीं है, बल्कि अस्पतालों, डेटा सेंटर और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे सहित आपातकालीन सेवाओं के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसलिए किसी भी रूप में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रखें। बैठक में मुख्य रूप से जीडीए सचिव श्री राजेश सिंह, मुख्य अभियंता जोन–1 श्री अशोक कुमार, मुख्य अभियंता जोन–2 श्री नरेश भारती, मुख्य अभियंता जोन–3 श्री दीपक अग्रवाल, सभी अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## नगर निगम मुख्यालय पर पार्षदों का प्रदर्शन, सड़क पर उतरने की दी चेतावनी



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा शहरवासियों को तीन से चार गुना बढ़े हुए हाउस टैक्स के नोटिस भेजे जाने से गाजियाबाद में हड़कंप मच गया है। जनता के साथ-साथ अब जनप्रतिनिधि भी खुलकर विरोध में आ गए हैं। मंगलवार सुबह कई पार्षदों ने नगर निगम मुख्यालय पर एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन किया, और चेतावनी दी कि यदि टैक्स वृद्धि का फैसला वापस नहीं लिया गया, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। नगर निगम द्वारा लागू की गई नई हाउस टैक्स नीति को लेकर जनता पहले से ही गंभीर आक्रोश में है। अब पार्षदों के विरोध से यह मामला और भी गर्मा गया है। प्रदर्शन कर रहे पार्षदों का कहना है कि बिना जनता की सहमति और उचित समीक्षा के टैक्स में तीन से चार गुना बढ़ोतरी करना तानाशाहीपूर्ण निर्णय है। इससे पहले पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी और हिमांशु लव जैसे जनप्रतिनिधि भी नई टैक्स नीति को नियमों के खिलाफ बताते हुए विरोध दर्ज करा चुके हैं। शहर के कई सामाजिक संगठनों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों ने भी इसे जनविरोधी कदम करार दिया है। खबर लिखे जाने तक नगर निगम मुख्यालय में पार्षदों का विरोध और हंगामा जारी था। नागरिकों और पार्षदों की संयुक्त नाराजगी को देखते हुए नगर निगम प्रशासन पर नीति पुनर्विचार का दबाव बढ़ता जा रहा है।

## प्रवर्तन जोन-3 के मैनापुर में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निदेर्शानुसार प्रवर्तन जोन-3 के तहत मैनापुर क्षेत्र में चल रही अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। सोमवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में अनिल कुमार, नवीन कुमार, ओकारनाथ, लोकेश त्यागी, एस. चौहान सहित टीम ने खसरा संख्या 277, 276, 279, 282, 283 और 286 के अंतर्गत गुलधर रेलवे स्टेशन के पास लगभग 24 बीघा क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी के भूखंडों की बाउंड्रीवाल, सड़क, विद्युत पोल आदि का ध्वस्तीकरण किया। कार्यवाही के दौरान स्थानीय विकासकताओं और निर्माणकताओं ने विरोध किया।

## अनिल यादव की हिस्ट्री शीट खोलने को लेकर आर पार की लड़ाई लड़ेंगे महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी ने आज एक वीडियो जारी करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज से गाजियाबाद पुलिस द्वारा षड्यंत्र रच कर अनिल यादव जिन्हें सब छोटा नरसिंहानंद के नाम से भी जानते हैं,की हिस्ट्री शीट खोलने को लेकर उचित जांच की मांग की।इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज को पत्र भी लिखा है जिसमें अनिल यादव पर पंजीकृत सभी मुकदमों का पूरा ब्यौरा दे कर बताया है अनिल यादव के ऊपर एक भी अपराधिक मामला दर्ज नहीं है।अनिल यादव पर जो भी मुकदमे हैं,उनके आधार पर उनकी हिस्ट्री शीट खुल ही नहीं सकती। गाजियाबाद के पूर्व कमिश्नर अजय मिश्रा जी ने उनकी हत्या के षड्यंत्र करते हुए पहले तो अनिल यादव की सरकारी सुरक्षा हटाई और उसके बाद उन्हें जबरदस्ती बिना की मुकदमे के जेल भेजा। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने वीडियो में बताया कि असल में तो सारा षड्यंत्र उनकी अपनी हत्या का है जिसमें इस्लाम के जिहाद अनिल यादव को बाधक मानते हैं।इसीलिए अजय मिश्रा जी को प्रभाव में लेकर उन्होंने अनिल यादव की बिना किसी आधार के हिस्ट्री शीट खुलवाई ताकि अनिल यादव की हत्या का रास्ता साफ हो सके। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज का कहना है कि उनके जीते जी अनिल यादव की हत्या का कोई प्रयास सफल नहीं हो सकता।

## विद्युत वितरण एक आवश्यक सेवा है, इसका सुचारू रूप से वितरण करना करें सुनिश्चितः डीएम

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के संविदाकर्मी यूनियन द्वारा 20 मई 2025 को प्रस्तावित प्रदेश व्यापी 72 घंटे के कार्य बहिष्कार के दौरान, विद्युत आपूर्ति कार्य सुचारू से हो, की तैयारियों/व्यवस्थाओं के सम्बंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों, सम्बंधित संविदाकर्मी एजेन्सी, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम गाजियाबाद, आईटीआई एवं पॉलीटैक्निक विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा ने विद्युत विभाग की संविदाकर्मी एजेन्सियों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे उक्त कार्य बहिष्कार के दौरान अपना बैकअप प्लान पूर्व से ही तैयार रखते हुए अपने वर्कफोर्स की सूची व बैकअप प्लान उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी महोदय ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने स्तर से समस्त कर्मचारी संगठन व अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति को निर्बाध चलती रहे, के लिए समन्वय स्थापित करें। साथ इस ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करें जो कर्मचारियों को हड़ताल करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं या उकसा सकते हैं। उन्होने कहा कि यदि कोई भी सरकारी अधिकारी/कर्मचारी किसी भी तरह से हड़ताल को बढ़ावा देने सम्बंधित प्रकरण में पाया जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

## डंपिंग ग्राउंड के खिलाफ किसानों का उग्र प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा देहात क्षेत्र में डंपिंग ग्राउंड बनाए जाने के खिलाफ किसानों का गुस्सा अब सड़कों पर दिखाई देने लगा है। सोमवार को जिला मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष बिजेंद्र चौधरी ने किया, जिन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह योजना वापस नहीं ली गई, तो आंदोलन को जिला स्तर तक फैलाया जाएगा। प्रदर्शन में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भारी भागीदारी रही। हाथों में तख्तियां लिए प्रदर्शनकारी ञ्हमें स्वच्छ हवा और जल चाहिए और ग्रामीण क्षेत्र में कूड़ा नहीं चाहिए जैसे नारे लगा रहे थे। पूरे प्रदर्शन का मुख्य संदेश यही था कि ग्रामीण जनता अब अपने अधिकारों और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए एकजुट हो चुकी है। बिजेंद्र चौधरी ने आरोप लगाया कि नगर निगम ने स्थानीय लोगों से कोई परामर्श किए बिना मनमाने ढंग से डंपिंग ग्राउंड बनाने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित स्थल बड़ौदा क्षेत्र में है, जो पूरी तरह से खेती-किसानी और पशुधन पर निर्भर है।